प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

उ0प्र0 सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

फतेहपुर एवं लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष : 15 अंक : 21 शुक्रवार 09 जनवरी, 2026 डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025-27/106 पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर पीएम मोदी ने असंख्य सपूतों को किया स्मरण

## -देशवासियों से की अपील

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि बृहस्पतिवार से शुरू होने वाला 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' भारत माता के उन असंख्य सपूतों को स्मरण करने का पर्व है, जिन्होंने कभी अपने सिद्धांतों और मूल्यों से समझौता नहीं किया। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''जय सोमनाथ! सोमनाथ स्वाभिमान पर्व की आज से शुरुआत हो रही है। एक हजार वर्ष पूर्व, जनवरी 1026 में सोमनाथ मंदिर ने अपने इतिहास का पहला आक्रमण झेला था। साल 1026 का आक्रमण और उसके बाद हुए अनेक हमले भी हमारी शाश्वत आस्था को डिगा नहीं सके। बल्कि इनसे भारत की सांस्कृतिक एकता की भावना और सशक्त हुई और सोमनाथ का बार-बार पुनरोद्धार होता रहा।'' प्रधानमंत्री 11 जनवरी को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में शामिल होंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने सोमनाथ की अपनी पिछली यात्राओं की कुछ तस्वीरों को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा किया। उन्होंने देशवासियों से भी अपील की कि अगर वे भी सोमनाथ गए हैं, तो अपनी तस्वीरें 'हैशटैग सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के साथ जरूर साझा करें। मोदी ने कहा, ''सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का यह अवसर, भारत माता के उन असंख्य सपूतों को स्मरण करने का पर्व है, जिन्होंने कभी अपने सिद्धांतों और मूल्यों से समझौता नहीं किया। समय कितना ही कठिन और भयावह क्यों ना रहा हो, उनका संकल्प हमेशा अडिग रहा।'' उन्होंने कहा, ''मैं 31 अक्टूबर 2001 को सोमनाथ में आयोजित एक कार्यक्रम की कुछ झलकियां भी साझा कर रहा हूं। यह वह साल था, जब हमने 1951 में पुनर्निर्मित सोमनाथ



मंदिर के उद्घाटन के 50 वर्ष पूर्ण होने का उत्सव मनाया था। 1951 में यह ऐतिहासिक समारोह तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जी की मौजूदगी में संपन्न हुआ था।''मोदी ने कहा, ''सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण में सरदार पटेल और केएम मुंशी के साथ ही कई महान विभूतियों के प्रयास अत्यंत उल्लेखनीय रहे हैं। वर्ष 2001 के इस कार्यक्रम में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल जी (अटल बिहारी वाजपेयी) और गृह मंत्री आडवाणी जी (लालकृष्ण आडवाणी) और कई गणमान्य लोग शामिल हुए थे।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''वर्ष 2026 में हम 1951 में हुए भव्य समारोह के 75 वर्ष पूर्ण होने का भी स्मरण कर रहे हैं!

# पर्यावरणीय मंजूरी के नियमों में बदलाव को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस ने सरकार की ओर से किए गए उस नीतिगत बदलाव की बृहस्पतिवार को कड़ी आलोचना की, जिसके तहत गैर-कोयला खनन परियोजना विकासकर्ताओं को पर्यावरणीय मंजूरी के लिए भूमि अधिग्रहण का प्रमाण प्रस्तुत करना अनिवार्य नहीं होगा। कांग्रेस ने कहा कि यह जिम्मेदार पर्यावरणीय शासन पर ''मोदी सरकार का एक और प्रहारश्श है। पर्यावरण मंत्रालय के हालिया ज्ञापन के अनुसार, गैर-कोयला खनन परियोजना विकासकर्ताओं को अब पर्यावरणीय मंजूरी के लिए



भूमि अधिग्रहण का प्रमाण प्रस्तुत करना अनिवार्य नहीं होगा। अब तक, मंत्रालय को भूमि अधिग्रहण का प्रमाण देना आवश्यक होता था। कांग्रेस महासचिव और पूर्व पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश ने कहा, गैर-कोयला खनन परियोजनाओं के लिए नीति यह रही है कि पहले कानून के अनुसार भूमि अधिग्रहण पूरा किया जाए और उसके बाद ही पर्यावरण संबंधी मंजूरी मांगी जा सकती है। हालांकि, 18 दिसंबर 2025 को केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने इस नीति में बदलाव किया और अब गैर-कोयला खनन परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण से पहले पर्यावरण संबंधी मंजूरी मांगी जा सकती है। उन्होंने 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह समझ से परे है कि गैर-कोयला खनन परियोजना के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र की पूरी जानकारी के बिना सार्थक पर्यावरणीय प्रभाव आकलन कैसे किया जा सकता है। रमेश ने कहा, ''यह नीतिगत बदलाव देश में जिम्मेदार और जवाबदेह पर्यावरणीय शासन के लिए मोदी सरकार का एक और झटका है। पूर्व के नियम पर इसलिए पुनर्विचार किया गया क्योंकि यह अनुरोध किया गया था कि गैर-कोयला खनन परियोजनाओं के लिए पर्यावरणीय मंजूरी (ईसी) प्रदान करते समय भूस्वामियों की सहमति पर जोर नहीं दिया जाना चाहिए और भूमि अधिग्रहण की स्थिति को मंजूरी प्रदान करने से नहीं जोड़ा जाना चाहिए।

# सुप्रीम कोर्ट में कुत्तों के लिए माइक्रोचिपिंग का सुझाव, वकील ने कहा- ये महंगा नहीं पड़ेगा

(एजेंसी) नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में आवारा कुत्तों के मामले में फिर से सुनवाई शुरू हो गई है। जस्टिस विक्रमनाथ ,जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच सुनवाई कर रही है। कुत्तों पर सुनवाई के दौरान आज भी दिलचस्प दलीलें सामने आईं। वरिष्ठ वकील सीयू सिंह ने कहा कि जब कुत्तों को अचानक हटाया जाता है तो चूहों की आबादी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि वो तो बीमारी फैलाने वाले होते हैं। उन्होंने दावा किया कि कुत्ते संतुलन बनाए रखते हैं।कोर्ट इस मामले में सभी पक्षकारों- डाग लवर्स, कुत्तो काटने के शिकार लोगों, एनिमल राइट एक्टिविस्ट की ओर से पेश वकीलो की दलीलें विस्तार से सुन रहा है।एडवोकेट नकुल



दीवान ने सुप्रीम कोर्ट को ट्रैप, न्यूटर और रिलीज मॉडल का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि कुत्तों के स्वभाव को देखते हुए यह जरूरी है कि उन्हें उसी जगह वापस छोड़ा जाए, जहां से उन्हें पकड़ा गया था। दीवान ने यह भी कहा कि बेंगलुरु में कुत्तों की माइक्रो-चिपिंग शुरू हो गई है और यह महंगा नहीं है।सीनियर एडवोकेट नकुल दीवान ने आवारा कुत्तों की समस्या से निपटने के लिए एक एक्सपर्ट कमेटी बनाने की बात कही। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि श्कम्युनिटी कुत्तोंश की बढ़ती तादाद पर रोक लगाने की जरूरत है। दीवान ने कहा कि यह ऐसी समस्या नहीं है, जिसे एक दिन में खत्म किया जा सकता है। हमें कम्युनिटी कुत्तों की बढ़ती संख्या को कम करने की जरूरत है। हम ऐसी स्थिति भी नहीं चाहते, जहां हमारे पास कानून हो, लेकिन उसे लागू न करने की वजह से हमें कोई सख्त कदम उठाना पड़े।सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को आवारा कुत्तों के मामले में आगे की दलीलें सुनीं, जिसमें वरिष्ठ वकील सीयू सिंह ने तर्क दिया कि यह मुद्दा कुत्तों से आगे बढ़कर सभी आवारा जानवरों तक फैला है और इसके लिए एक संतुलित नजरिए की जरूरत है। एडवोकेट ने कोर्ट को बताया कि किसी इलाके से कुत्तों को अचानक हटाने से अक्सर अनचाहे नतीजे निकलते हैं, जिसमें चूहों और बंदरों की आबादी में तेजी से बढ़ोतरी शामिल है। उन्होंने कहा कि चूहे, जो कई बीमारियां फैलाते हैं, कुत्तों की मौजूदगी से कंट्रोल में रहते हैं, और चेतावनी दी कि अचानक दखल देने से यह संतुलन बिगड़ सकता है।गुरुवार को सुनवाई फिर से शुरू करते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के मामले में एक तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि कुत्ते और बिल्लियां स्वाभाविक दुश्मन हैं और बिल्लियां चूहों को कंट्रोल करने में मदद करती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि क्या इसका कुत्तों को हटाने से कोई लेना-देना था? हल्के-फुल्के अंदाज में कहें तो, कुत्ते और बिल्लियां दुश्मन हैं। बिल्लियां चूहों को मारती हैं, इसलिए हमें ज्यादा बिल्लियों और कम कुत्तों को बढ़ावा देना चाहिए। यही समाधान होगा। हमें बताएं कि आप हॉस्पिटल के गलियारों में कितने कुत्ते घूमते हुए देखना चाहते हैं? कोर्ट सीनियर एडवोकेट सीयू सिंह की दलीलों का जवाब दे रहा था, जिन्होंने संस्थागत इलाकों से कुत्तों को अचानक हटाने के खिलाफ चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा कि ऐसे कामों से अक्सर वैक्यूम इफेक्ट होता है, जिससे चूहों की आबादी बढ़ जाती है और दूसरे अनचाहे नतीजे होते हैं।सुप्रीम कोर्ट के पहले के आदेश में बदलाव की मांग करने वाले एक याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए सीनियर वकील कपिल सिब्बल ने तर्क दिया है कि सभी आवारा कुत्तों को पकड़ना इसका समाधान नहीं है और उन्होंने इंसान-जानवर के बीच टकराव को सुलझाने के लिए एक वैज्ञानिक, विश्व स्तर पर स्वीकार्य तरीके की मांग की। उन्होंने कोर्ट से बैट्ट मॉडल अपनाने की अपील की। पकड़ो, नसबंदी करो, टीका लगाओ और छोड़ दो। इससे आवारा कुत्तों की आबादी को मैनेज करने में मदद मिलेगी और कुत्ते के काटने की घटनाओं में धीरे-धीरे कमी आएगी।सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को नागरिक अधिकारियों द्वारा नियमों और कोर्ट के निर्देशों को लागू करने में कमियों को उजागर करते हुए कहा कि देश में मौतें सिर्फ कुत्तों के काटने तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि आवारा जानवरों से जुड़े सड़क हादसों से भी होती हैं। बेंच ने कहा कि सड़कें कुत्तों और आवारा जानवरों से साफ होनी चाहिए। यह सिर्फ कुत्तों के काटने की बात नहीं है, बल्कि सड़कों पर आवारा जानवरों का घूमना भी खतरनाक साबित हो रहा है और हादसों का कारण बन रहा है। सुबह किस कुत्ते का मूड कैसा होगा, यह कोई नहीं जानता। नागरिक निकायों को नियमों, मॉड्यूल और निर्देशों को सख्ती से लागू करना होगा।

# महाराष्ट्र के अंबरनाथ में हो गया बड़ा खेल, कांग्रेस के 12 पार्षद भाजपा में शामिल

(एजेंसी) मुंबई। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में स्थित अंबरनाथ नगर परिषद के चुनाव नतीजों के बाद मची राजनीतिक हलचल के बीच कांग्रेस के सभी 12 निलंबित पार्षद बीजेपी में शामिल



हो गए हैं। बुधवार देर रात बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने इन पार्षदों के पार्टी में शामिल होने की औपचारिक घोषणा की। 20 दिसंबर को हुए चुनावों के बाद इन पार्षदों ने बीजेपी के साथ मिलकर अंबरनाथ विकास अघाड़ी बनाई थी, जिसके कारण कांग्रेस ने उन्हें निलंबित कर दिया था। इस गठबंधन में बीजेपी और कांग्रेस के अलावा अजीत पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी भी शामिल थी।अंबरनाथ नगर परिषद चुनाव के नतीजों में शिवसेना (शिंदे) 27 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी, लेकिन बहुमत से 4 कदम दूर रह गई। दूसरी तरफ बीजेपी को 14, कांग्रेस को 12 और एनसीपी को 4 सीटें मिली थीं। बीजेपी ने शिवसेना को दरकिनार करते हुए अपने धुर विरोधी कांग्रेस और एनसीपी के साथ मिलकर श्अंबरनाथ विकास अघाड़ी का गठन किया। अब एक निर्दलीय के समर्थन के साथ इस तीन दलीय गठबंधन की ताकत 32 पार्षदों तक पहुंच गई है, जो बहुमत के आंकड़े (30) से अधिक है।बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने कहा कि इन पार्षदों ने जनता से विकास का वादा किया था और मौजूदा सरकार की गतिशील कार्यशैली को देखते हुए उन्होंने बीजेपी के साथ आने का फैसला किया। कांग्रेस से अलग होकर इन पार्षदों के बीजेपी में शामिल होने से स्थानीय स्तर पर पार्टी का आधार काफी मजबूत हुआ है। अब बीजेपी नेतृत्व वाली यह अघाड़ी अंबरनाथ नगर परिषद में नेतृत्व संभालेगी। शिवसेना के लिए यह बड़ा झटका है क्योंकि बहुमत के करीब होने के बावजूद वह गठबंधन की गणित में पीछे रह गई। अंबरनाथ महाराष्ट्र राज्य में एक शहर है। यह मुंबई से करीब 60 किलोमीटर पूर्व में ठाणे जिले में स्थित है। मुंबई के उपनगर क्षेत्र का हिस्सा है। अंबरनाथ में 11वीं शताब्दी का पुराना अमरनाथ शिव मंदिर काफी मशहूर है, जहां लोग दर्शन करने आते हैं। आसान भाषा में कहें, तो यह शहर मुंबई के पास एक धार्मिक और आवासीय इलाका है।

# दिल्ली की हवा में मामूली सुधार, पर घना कोहरा बढ़ा रहा चिंता

(एजेंसी) नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में बृहस्पतिवार की सुबह वायु गुणवत्ता में मामूली सुधार हुआ और यह खराब श्रेणी में आ गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। आंकड़ों के अनुसार आज सुबह वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 276 दर्ज किया गया, जबकि बुधवार की सुबह यह 336 था। बुधवार को दिल्ली की 24 घंटे की औसत वायु गुणवत्ता 289 थी। सीपीसीबी के वर्गीकरण के अनुसार, एक्यूआई शून्य से 50 के बीच 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच 'गंभीर' माना जाता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, शहर में न्यूनतम तापमान 5.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत से 1.1 डिग्री कम है। इसके अनुसार अधिकतम तापमान लगभग 16 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने शुक्रवार और शनिवार को घने कोहरे का पूर्वानुमान जताया है।राष्ट्रीय राजधानी में बृहस्पतिवार की सुबह लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ा और यहां इस साल का सबसे कम न्यूनतम तापमान 5.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने यह जानकारी दी। विभाग के आंकड़ों के अनुसार यह इस मौसम का तीसरा सबसे कम न्यूनतम तापमान रहा। सफदरजंग में पारा गिरकर 5.8 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जो सामान्य से 1.1 डिग्री कम है, जिससे यह सर्दी के इस मौसम का तीसरा सबसे कम न्यूनतम तापमान बन गया। अन्य निगरानी केंद्रों में, पालम में न्यूनतम तापमान 4.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.7 डिग्री कम था। विभाग के आंकड़ों के अनुसार, लोधी रोड पर न्यूनतम




तापमान 6.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि रिज और आयानगर दोनों जगहों पर तापमान 5.8 डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह साढ़े आठ बजे तक पिछले 24 घंटों में शहर में कोई बारिश दर्ज नहीं की गई। इस मौसम का सबसे कम न्यूनतम तापमान चार और पांच दिसंबर को दर्ज किया गया था, जब तापमान गिरकर 5.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। एक दिसंबर को न्यूनतम तापमान 5.7 डिग्री सेल्सियस था, जिससे बृहस्पतिवार का न्यूनतम तापमान 5.8 डिग्री सेल्सियस इस सर्दी में अब तक दर्ज किया गया तीसरा सबसे कम तापमान बन गया है। दिल्ली में इस साल का पहला शीत दिवस छह जनवरी को दर्ज किया गया था, जब अधिकतम तापमान गिरकर 15.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो इस मौसम के औसत से 3.3 डिग्री कम था, जबकि न्यूनतम तापमान 7.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 0.7 डिग्री कम था। बुधवार को भी राजधानी में भीषण ठंड का प्रकोप जारी रहा था। अधिकतम तापमान 16.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो सामान्य से 2.3 डिग्री कम था, और न्यूनतम तापमान 8.6 डिग्री सेल्सियस रहा था, जो मौसमी औसत से 1.7 डिग्री कम था। मौसम विभाग ने कहा है कि बृहस्पतिवार को भी जबरदस्त ठंड का मौसम बना रह सकता है और अधिकतम तापमान लगभग 15 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। विभाग के अनुसार, शीत दिवस की स्थिति तब घोषित की जाती है जब न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम हो जाता है और अधिकतम तापमान सामान्य से लगभग 4.5 से 6.4 डिग्री नीचे गिर जाता है।

# औंधे मुंह गिरे सोने-चांदी के भाव, एमसीएक्स पर चांदी 2,268 टूटी

(एजेंसी) मुंबई। हाई लेवल बनाने के बाद आज सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट आई है। एमसीएक्स पर आज (8 जनवरी) सोना 0.62 फीसदी लुढ़क कर 1,37,160 रुपए प्रति 10 ग्राम पर है। चांदी की कीमत 2268 रुपए टूटी है, ये 2,48,337 रुपए प्रति किलोग्राम पर है। इंटरनैशनल मार्केट में भी सोने-चांदी के भाव टूटे हैं। राष्ट्रीय राजधानी में चांदी की कीमत बुधवार को 5,000 रुपए बढ़कर 2,56,000 रुपए प्रति किलोग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। सुरक्षित निवेश की मांग और औद्योगिकी खरीदारी से चांदी को समर्थन मिला। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। मंगलवार को चांदी 2,51,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। कारोबारियों ने कहा कि अमेरिका और वेनेजुएला के बीच बढ़ते तनाव ने सुरक्षित निवेश वाली परिसंपत्तियों की मांग को बढ़ाया है, जबकि आपूर्ति बाधाओं और मजबूत औद्योगिक मांग ने चांदी की कीमतों को और बढ़ा दिया है। इस बीच, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का दाम 100 रुपए की मामूली गिरावट के साथ 1,41,400 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रहा, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,41,500 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।



# सम्पादकीय

## ओवैसी के तीखे आरोप

दिल्ली के तुर्कमान गेट इलाके की फैज–ए–इलाही मस्जिद के पास अवैध अतिक्रमण हटाने को लेकर बड़ा बवाल मचा गया। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि हाई कोर्ट के आदेश के बाद एमसीडी ने अवैध निर्माण ढहा दिया. इस दौरान पुलिस पर पथराव भी किया गया। जिसमें पुलिस के कुछ जवान भी घायल हुए। जवाब में पुलिस ने आंसू गैस के गोले भी दागे। फैज–ए–इलाही मस्जिद के पास हुए बुलडोजर एक्शन पर एआइएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी की प्रतिक्रिया सामने आई है। असदुद्दीन ओवैसी ने इस पूरी कार्रवाई को गलत ठहराते हुए इसमें दिल्ली वक्फ बोर्ड की मिलीभगत की ओर इशारा किया है। तुर्कमान गेट स्थित फैज–ए–इलाही मस्जिद के पास एमसीडी द्वारा चलाए गए अभियान पर असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि



नफीस जाफरी

देखिए इस बात को समझने की जरूरत है कि वो तमाम जायदाद वक्फ की है। हैदराबाद सांसद ने 1970 की गजट के इंट्री नंबर–40 का जिक्र करते हुए सरकार ने जो गजट जारी किया था, उसमें उसका जिक्र है। ओवैसी ने आगे कहा कि यह बात बिल्कुल सही है कि 12 नवंबर को दिल्ली हाई कोर्ट ने इस पर फैसला सुनाया। हैरतअंगेज बात यह है कि आरएसएस से जुड़े याचिकाकर्ता सेव इंडिया फाउंडेशन ने अदालत का रुख किया। अदालत ने सर्वेक्षण का आदेश दिया, लेकिन इसमें वक्फ को पक्षकार नहीं बनाया गया। तो वहीं दूसरी ओर महाराष्ट्र नगर निगम चुनावों के मद्देनजर ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के नेता असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि अगर मतदाताओं को लगता है कि चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा वितरित किया जा रहा पैसा अनैतिक है, तो वे इसे स्वीकार कर शौचालय निर्माण पर खर्च कर सकते हैं। आगामी लातूर नगर निगम चुनाव के सिलसिले में एक रैली को संबोधित करते हुए ओवैसी ने नरेन्द्र मोदी सरकार पर उसकी विदेश नीति को लेकर हमला किया। उन्होंने वक्फ (संशोधन) अधिनियम की भी आलोचना की। उन्होंने कहा, ''एआईएमआईएम के चुनाव मैदान में उतरने के साथ ही प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दलों ने मतदाताओं के बीच नकद राशि बांटना शुरू कर दिया। अगर हमने उम्मीदवार नहीं उतारे होते, तो पैसा नहीं बांटा जाता... पैसा ले लीजिए और अगर आपको लगता है कि यह अनैतिक और हराम (अवैध) है, तो इसका इस्तेमाल शौचालय बनाने में कीजिए। ओवैसी ने यह कहते हुए मुसलमानों से मजबूत राजनीतिक नेतृत्व बनाने का आह्वान किया कि अफसोस है कि अल्पसंख्यकों को छोड़कर हर समुदाय के पास राजनीतिक शक्ति है। उन्होंने कहा कि दलित और मुसलमान गरीब आबादी का एक बड़ा हिस्सा हैं लेकिन अबतक विकास उनके क्षेत्रों तक नहीं पहुंचा है। भाजपा राष्ट्रवाद की बात करती है, लेकिन किसान मर रहे हैं, युवा बेरोजगार हैं और वह सिर्फ लव जिहाद की बात करती है। ओवैसी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेकर चुप हैं,''जो एक हवाई जहाज में कहते हैं कि मोदी मुझे खुश करने के लिए निर्णय लेते हैं। एआईएमआईएम प्रमुख ने दावा किया कि महाराष्ट्र सरकार की माझी लाडकी बहिन योजना के लाभार्थियों की संख्या में लगातार कमी आ रही है। उन्होंने पूछा, "सरकार ने 9.30 लाख करोड़ रुपये का कर्ज लिया था। इस कर्ज को कौन चुकाएगा?" उन्होंने उपमुख्यमंत्री अजित पवार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि जो व्यक्ति अपने चाचा और राजनीतिक गुरु शरद पवार के प्रति वफादार नहीं रहा, वह जनता के प्रति कैसे वफादार हो सकता है? वक्फ (संशोधन) अधिनियम पर ओवैसी ने आरोप लगाया कि इस कानून का दुरुपयोग मस्जिदों को बंद करने और सदियों पुरानी दरगाहों के स्वामित्व को चुनौती देने के लिए किया जा रहा है। हैदराबाद के सांसद ओवैसी ने 2006 के मुंबई ट्रेन बम धमाकों के एक दोषी की जेल में हुई मौत के हालात पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया, ''2006 के मुंबई ट्रेन धमाकों में 185 लोगों की जान चली गई थी, जिसके चलते 11 मुसलमानों को गिरतार किया गया था। उन्होंने (अदालत द्वारा बरी किए जाने से पहले) 19 साल जेल में बिताए। उनमें से एक की मौत हो गई, लेकिन कोई भी यह बताने को तैयार नहीं है कि उसकी मौत कैसे हुई।

## पुलिस मुठभेड़ में शातिर चोर घायल, अवैध तमंचा व चोरी का सामान बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना बकेवर पुलिस ने चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले एक शातिर अपराध ी को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरतार किया है। अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस, घटना में प्रयुक्त ऑटो सहित चोरी का सामान बरामद किया गया है। प्राप्त जानकारी के



अनुसार यह कार्रवाई अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र के निर्देशन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी भरथना के नेतृत्व में की गई। 07/08 जनवरी की रात्रि थाना बकेवर पुलिस निवाड़ी कला क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक ऑटो संदिग्ध अवस्था में आता दिखाई दिया। पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास करने पर ऑटो सवार बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी और मौके से भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा पीछा किए जाने पर बदमाशों ने पुनः फायरिंग की, जिसमें एक गोली थानाध्यक्ष बकेवर के बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी। इसके बाद पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक गोली अभियुक्त अवरार पुत्र इरफान के दाहिने पैर में लगी। घायल अभियुक्त को मौके से गिरतार कर उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया। गिरतार अभियुक्त की पहचान अवरार पुत्र इरफान, निवासी लुधपुरा थाना जसवंतनगर, हाल पता अशोक नगर थाना फ्रेंड्स कॉलोनी के रूप में हुई है। अभियुक्त के कब्जे से तमंचा 315 बोर, चार जिंदा कारतूस, तीन खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त ऑटो, एक बैटरा, एक इनवर्टर, दो पंखे एवं एक गैस सिलेंडर बरामद किया गया। पूछताछ में अभियुक्त ने उच्च प्राथमिक विद्यालय सुनवर्षा में बनी लाइब्रेरी का ताला तोड़कर इनवर्टर, बैटरा, पंखे व गैस सिलेंडर चोरी करने की बात स्वीकार की है। पुलिस के अनुसार एक अन्य अभियुक्त गोलू कठेरिया अंधेरे व कोहरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरतारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस संबंध में थाना बकेवर पर अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 08/2026 धारा 109 बीएनएस व 3, 25, 27 आर्म्स एक्ट तथा पूर्व में दर्ज मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है। अभियुक्त का आपराधिक इतिहास लंबा बताया गया है और वह पूर्व में चोरी, लूट एवं आर्म्स एक्ट के कई मामलों में जेल जा चुका है।

# क्या अमेरिका अपने पुराने तौर-तरीक़ों पर फिर लौट रहा है?



गुलफिशा खान

2026 में आपका स्वागत है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका एक बार फिर लौट आया है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के ये शब्द अमेरिका वापस आ गया है, दरअसल उस सैन्य कार्रवाई के प्रभाव को पूरी तरह बयान करते हैं, जिसे ऑपरेशन एब्सोल्यूट रिजॉल्व नाम दिया गया। इस ऑपरेशन के तहत वेनेजुएला के समाजवादी राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को गिरतार कर लिया गया। यह कार्रवाई न सिर्फ सुर्खियों में छा गई, बल्कि इसने यह भी साफ कर दिया कि अमेरिका एक बार फिर वैश्विक भू–राजनीति में दबदबे वाली भूमिका निभाने को तैयार है, खासकर लैटिन अमेरिका में अपने प्रभाव को दोबारा स्थापित करने के लिए। यह घटनाक्रम इस बात का भी संकेत है कि अमेरिका शायद एक बार फिर अपने पुराने तरीकों की ओर लौट रहा है, जहां वह सत्ता परिवर्तन की राजनीति का शिल्पकार रहा है। वेनेजुएला में हुई यह कार्रवाई मुनरो डॉक्ट्रिन के उस नए संस्करण का हिस्सा मानी जा रही है, जिसे अब ट्रंप कोरोलरी कहा जा रहा है। यानी एक स्वाभाविक परिणाम.डोनाल्ड ट्रंप दो दिन बाद क्या करेंगे, आज यह बात दावे के साथ शायद वो खुद लिखकर न दे सकें। उनके काम करने का अंदाज ही यही है। ठीक यही बात उनके कट्टर समर्थकों को रास आती है। ट्रंप को दूसरी बार अमेरिकी राष्ट्रपति की कुर्सी संभाले अभी एक साल का भी वक्त नहीं गुजरा है। अगर सटीक कहें तो कुल 352 दिन (6 जनवरी को) ही बीते हैं और उन्होंने वर्ल्ड पॉलिटिक्स को पूरा 180 डिग्री घुमा दिया है। कभी ट्रेड वॉर से तो कभी अपनी सैन्य ताकत के बल पर, ट्रंप के जेहन में जो आया है, उन्होंने ठीक वही किया है। अगर डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल को देखें तो उन्होंने जब 20 जनवरी 2017 को पहली बार राष्ट्रपति के पद की शपथ ली थी, तो उनका केवल एक ही नारा था– अमेरिका फर्स्ट। उनके पहले कार्यकाल में यही देखने को मिला। जहां तक हो सके अमेरिका दूसरे देशों से अपनी सेना को वापस बुला रहा था, नॉर्थ कोरिया तक से हाथ मिला रहा था। लेकिन आज 9 साल बाद कहानी अलग है। दूसरे कार्यकाल में राष्ट्रपति ट्रंप का अंदाज अलग है। वो न ईरान पर बमबारी करने से हिचक रहे हैं, न वेनेजुएला के राष्ट्रपति को उनके महले से उठाने पर झिझक रहे हैं। 2017 में अपने चुनावी प्रचार के दौरान और राष्ट्रपति के रूप में अपने पहले भाषण में, डोनाल्ड ट्रंप ने विदेश नीति के लिए ष्अमेरिका फर्स्टष .ष्टिकोण पर जोर दिया था। ट्रंप की विदेश नीति में अमेरिका के लिए एक अलगाववादी धारा दिखी थी, जबकि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से अमेरिका लगातार वर्ल्ड पॉलिटिक्स के सेंटर में रहता आया था। दिसंबर 2018 में, अपने सैन्य सलाहकारों की बात न मानते हुए, उन्होंने सीरिया में (2015 से) तैनात 2,000 अमेरिकी सैनिकों की वापसी की घोषणा की। उस आश्चर्यजनक निर्णय के कारण तो तब के अमेरिकी रक्षा सचिव जिम मैटिस ने इस्तीफा भी दे दिया। ट्रंप ने अफगानिस्तान में अमेरिकी सेना की उपस्थिति को भी काफी हद तक कम कर दिया, जिसे अमेरिकी सेना ने 2001 में देश पर आक्रमण करने के बाद से बनाए रखा था। बाद में फरवरी 2020 में, ट्रंप ने तालिबान के साथ एक समझौते किया, जिससे सभी अमेरिकी सैनिक अफगानिस्तान से हट गए। सितंबर 2021 में तालिबान ने अफगानिस्तान पर फिर से नियंत्रण कर लिया। मई 2018 में, ट्रंप प्रशासन ने घोषणा की कि अमेरिका जॉइंट कॉम्प्रिहेंसिव प्लान ऑफ एक्शन, या ईरान परमाणु समझौते से हट जाएगा। अमेरिका, ईरान, पांच अन्य देशों और यूरोपीय संघ के बीच 2015 में यह समझौते हुआ था। इस समझौते ने ईरान को आर्थिक प्रतिबंधों में ढील के बदले सख्त निगरानी में गैर–सैन्य उद्देश्यों के लिए परमाणु प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने की अनुमति दी थी। तब ट्रंप का इजरायल के लिए सपोर्ट सैन्य हस्तक्षेप की जगह सांकेतिक अधिक था। ट्रंप ने घोषणा की थी कि अमेरिका यरूशलेम को इजरायल की राजधानी के रूप में मान्यता देगा। मई 2018 में, अमेरिका ने आधिकारिक तौर पर यरूशलेम में एक नया दूतावास खोला। ट्रंप ने दशकों पुराने संघर्ष को सुलझाने के इरादे से एक शांति योजना भी अपनाई। अगस्त और सितंबर 2020 में, ट्रंप अब्राहम समझौता लेकर आए, जिसके तहत यूएई, बहरीन, मोरक्को



और सूडान की सरकारों ने इजरायल के साथ अपने राजनयिक संबंधों को सामान्य किया। ट्रंप ने नॉर्थ कोरिया और रूस की ओर भी दोस्ती का हाथ बढ़ाया। और फिर 2025 में आया ट्रंप का दूसरा कार्यकाल और जैसे वर्ल्ड पॉलिटिक्स में उन्होंने आग लगा दी। व्यापार से जंग तक, ट्रंप ने किसी मोर्चे पर शांत बैठने का विकल्प नहीं चुना। अपने दूसरे कार्यकाल के पहले एक साल में ही उन्होंने अमेरिकी की नीति, राजनीति और समाजिक ताने–बाने में या तो बुनियादी बदलाव ला दिया है या उसकी शुरुआत कर दी है। उन्होंने सीमा पर अवैध घुसपैठ को रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचा दिया है और यह स्पष्ट कर दिया है कि अमेरिका ने उन अधिकांश शरणार्थियों के लिए दरवाजे बंद कर दिए हैं, जो गोरे नहीं हैं। उन्होंने भारत जैसे अमेरिका के पारंपरिक सहयोगियों के साथ संबंधों में खटास डाला है, अपनी विदेश नीति को साधने के लिए टैरिफ का उपयोग किया है। ट्रंप ने कसम खाई थी कि वो कुर्सी पर बैठने के 24 घंटों के भीतर यूक्रेन पर रूस के आक्रमण को समाप्त कर देंगे लेकिन लगभग एक साल बीतने के बाद भी वो विफल हैं। वो कभी पुतिन से हाथ मिलाते तो कभी यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की को दुनिया के सामने बेइज्जत करते। हर तरीका आजमा लिया लेकिन जंग नहीं रुकी है। अमेरिका ने एक साल के अंदर कुल सात देशों पर सैन्य हमले किये हैं। ट्रंप का सबसे बड़ा अटैक वेनेजुएला पर हुआ, जिसपर वो अमेरिका में ड्रग्स तस्करी करने का आरोप पिछले 6 महीनों से लगा रहे थे। अमेरिका ने पहले एक के बाद एक, कैरेबियन सागर में वेनेजुएला के कथित ड्रग्स तस्करों की नावों को हवाई हमलों में उड़ाया। दिसंबर की शुरुआत में अमेरिकी नौसेना ने वेनेजुएला तट से दो तेल टैंकरों को जब्त कर लिया था। आखिर में वेनेजुएला में सेना भेजकर राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को उठाकर अमेरिका मांगा लिया। अब दोनों पर केस चल रहा है, दोनों अमेरिकी जेल में कैद हैं। पिछले कार्यकाल में ईरान से परमाणु समझौता तोड़ने वाले ट्रंप ने इसबार एक कदम आगे बढ़कर उसपर हमले का विकल्प चुना। ईरान और इजरायल के बीच शुरू हुए सैन्य संघर्ष के बीच, अमेरिका ने हस्तक्षेप किया और 22 जून को ईरान में तीन प्रमुख परमाणु स्थलों पर हमला किया। बाद में टीवी पर आकर ट्रंप ने ईरान के परमाणु स्थलों पर हमलों को उचित ठहराया और कहा कि ये हमले ईरान द्वारा उत्पन्न परमाणु खतरे को कम कर देंगे। इसके अलावा ईराक, सोमालिया, यमन, सीरिया और नाइजीरिया में ट्रंप में सैन्य हमले किए. खास बात थी कि जो ट्रंप पहले कार्यकाल में दूसरे देशों से अपनी सेना को बुला रहे थे, उन्होंने अपने दूसरे कार्यकाल में अमेरिका के अंदर ही अपने सैनिकों को तैनात किया। जून में लॉस एंजिल्स में, जब उनकी आव्रजन कार्रवाई के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ, तो ट्रंप ने राज्य सरकार के विरोध के बावजूद कैलिफोर्निया नेशनल गार्ड को अपने कंट्रोल में ले लिया, और 700 सक्रिय–ड्यूटी मरीन के साथ 4,000 ऐसे सैनिकों को शहर की सड़कों पर भेज दिया। अमेरिका में नागरिक अधिकार आंदोलन के बाद यह पहली बार था जब केंद्रीय सरकार ने गवर्नर की सहमति के बिना राज्य के गार्ड को अपने कंट्रोल में ले लिया था।

# सुरेश कलमाड़ी -कभी सत्ता के शिखर पर, फिर लगा ऐसा दाग़ कि छवि हुई धूमिल



फरीद वारसी

पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और भारतीय ओलंपिक संघ के पूर्व अध्यक्ष सुरेश कलमाड़ी का 81 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। कलमाड़ी काफी समय से बीमार थे। उनके निधन की खबर मिलते ही राजनीतिक, सामाजिक और खेल जगत में शोक की लहर दौड़ गई। पुणे और कांग्रेस ने अपने एक ऐसे नेता को खो दिया, जिनका प्रभाव दशकों तक शहर की राजनीति और विकास पर साफ तौर पर दिखाई देता रहा। विदित हो कि सुरेश कलमाडी को केवल एक राजनेता के रूप में नहीं, बल्कि पुणे की राजनीति के किंगमेकर के तौर पर भी जाना जाता था। उनके राजनीतिक जीवन की शुरुआत से पहले उन्होंने भारतीय वायु सेना में पायलट के रूप में देश सेवा की। इसके बाद राजनीति में कदम रखते हुए वे कई बार पुणे से लोकसभा सांसद चुने गए और केंद्र सरकार में मंत्री के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं। पुणे के बुनियादी ढांचे, शहरी विकास और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं में उनका योगदान आज भी शहर में देखा जा सकता है। खेलों के क्षेत्र में भी सुरेश कलमाड़ी का योगदान उल्लेखनीय रहा। भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष के तौर पर उन्होंने लंबे समय तक भारतीय खेल प्रशासन का नेतृत्व किया। वर्ष 2010 में आयोजित दिल्ली कॉमनवेल्थ गेम्स उनके करियर का एक अहम अध्याय रहे। हालांकि इन खेलों से जुड़े विवादों ने उनके राजनीतिक जीवन को प्रभावित किया, लेकिन भारत में खेलों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्थापित करने और बड़े खेल आयोजनों की मेजबानी की दिशा में उठाए गए कदमों का श्रेय भी उन्हें दिया जाता है। इसके अलावा, पुणे फेस्टिवल और पुणे इंटरनेशनल मैराथनश जैसे प्रतिष्ठित आयोजनों के जरिए उन्होंने पुणे को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने में अहम भूमिका



निभाई। इन आयोजनों ने पुणे को सांस्:तिक और खेल गतिविधियों के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित किया। उनके निधन की खबर मिलते ही कांग्रेस पार्टी समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, खेल जगत की हस्तियों और सामाजिक संगठनों ने गहरा शोक व्यक्त किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सुरेश कलमाड़ी के निधन से न सिर्फ कांग्रेस पार्टी, बल्कि पुणे की राजनीति और खेल जगत को भी अपूरणीय क्षति पहुंची है। भारतीय खेलों पर उनकी पकड़ ने सफलता और विवाद दोनों को जन्म दिया। कॉमनवेल्थ गेम्स 2010 के सफल आयोजन के बाद उनके दामन पर भ्रष्टाचार के छींटे भी पड़े। उन्हें जेल भी जाना पड़ा। हालांकि, प्रवर्तन निदेशालय ने इस मामले में 'क्लोजर रिपोर्ट' दाखिल कर उन्हें क्लीन चिट दे दी। वहीं कम लोगों को यह बात मालूम हो कि कलमाड़ी के सियासी जीवन में एक ऐसा दौर भी आया, जब अटल बिहारी वाजपेयी ने उन्हें जिताने के लिए पूरा जोर लगा दिया था। अटल बिहारी वाजपेयी भाजपा के केंद्रीय नेता थे, लेकिन इसके बाद भी उन्होंने सुरेश कलमाड़ी की जीत के लिए न केवल प्रचार किया बल्कि जनसभा को भी संबोधित किया। दरअसल यह कहानी है कि 1997 की। तब कांग्रेस ने कलमाड़ी को पुणे से लोकसभा का टिकट नहीं दिया। इसके बाद कलमाड़ी ने पुणे विलास अघाड़ी नामक पार्टी बना ली। उस चुनाव में भाजपा ने भी कांग्रेस उम्मीदवार विठ्ठल तुपे के खिलाफ कलमाड़ी का समर्थन किया था। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी भी उनके लिए प्रचार करने आए और उन्होंने फर्ग्यूसन कॉलेज के मैदान में एक जनसभा की। हालांकि, कलमाड़ी उस चुनाव में हार गये। मद्रास में 1944 में जन्मे कलमाड़ी ने पुणे के फर्ग्यूसन कॉलेज से पढ़ाई की। बाद में उन्होंने इस शहर का संसद में प्रतिनिधित्व किया। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्र और 1971 के भारत–बांग्लादेश युद्ध में भाग लेने वाले वायु सेना के पायलट कलमाड़ी 1982 में सांसद बने। वह चार बार राज्यसभा के सदस्य रहे। लोकसभा में उन्होंने तीन बार पुणे का प्रतिनिधित्व किया। शरद पवार की नजर उन पर पड़ी थी और उसके बाद उनका राजनीतिक सफर शुरू हुआ। उन्हें पुणे युवा कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। बाद में वह संजय गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के करीब आ गए। सन् 1980 के दशक में कांग्रेस के विभाजन के बाद कलमाड़ी कांग्रेस के साथ रहे तथा 1982, 1988, 1994 और 1998 में राज्यसभा के लिए चुने गए। उन्होंने पी.वी. नरसिंह राव की सरकार में 1995 से 1996 तक रेल राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया। वह रेल बजट प्रस्तुत करने वाले एकमात्र रेल राज्य मंत्री थे। उनके कार्यकाल के दौरान पुणे रेलवे मंडल की स्थापना हुई और शहर से कई लंबी दूरी की ट्रेन शुरू की गईं। कलमाड़ी के नेतृत्व में, नयी दिल्ली में 2010 राष्ट्रमंडल खेलों और पुणे में 2008 राष्ट्रमंडल युवा खेलों समेत कई प्रमुख खेल आयोजनों के साथ–साथ कई राज्यों में राष्ट्रीय खेलों का आयोजन किया गया। कलमाड़ी ने पुणे को एक प्रमुख आईटी, औद्योगिक और खेल केंद्र में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी पहल में बालेवाड़ी खेल परिसर, पुणे महोत्सव, पुणे अंतरराष्ट्रीय मैराथन, पुणे अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव और पुणे मेट्रो परियोजना के लिए मंजूरी प्राप्त करना शामिल रहा। उन्होंने शहर के विकास के लिए लगभग 2,500 करोड़ रुपये की केंद्रीय निधि की व्यवस्था भी की।

# पर्वों का संगम: जीवन में सहज-सजग शुरुआत का आनंद

संगीता मित्तल

नववर्ष जब लोहड़ी और मकर संक्रांति के साथ दस्तक देता है, तो समय मानो एक क्षण ठहरकर हमें कुछ याद दिलाने आता है। आंगनों में जलती लोहड़ी की अग्नि, अन्न की सांझेदारी, सूर्य का उत्तरायण होना–ये केवल पर्व नहीं, जीवन के संतुलन के संकेत हैं। यह संयोग हमें बताता है कि जीवन में सच्ची शुरुआत कभी हड़बड़ी से नहीं होती, वह हमेशा लय और सजगता से जन्म लेती है। नया साल हमसे तेज दौडने की मांग नहीं करता। वह हमसे सजग होकर मंजिल तक पहुंचने को प्रेरित करता है। लेकिन हर जनवरी के साथ हमारे मन में एक अजीब–सी बेचौनी घर कर जाती है–और बेहतर, और तेज, और अधिक साबित करने की होड़ में हड़बड़ी। लक्ष्य ऊंचे करने, टाइम–टेबल ठूंसने और साल के शुरुआती दिनों में ही उपलब्धियां दिखाने का दबाव। जैसे समय स्वयं हमसे हिसाब मांग रहा हो। जबकि सच्ची शुरुआत कभी दबाव में नहीं होती। वह तब होती है, जब हड़बड़ी की जगह सजगता हो, जब गति से पहले संतुलन बनाया जाए। आज की अधिकांश महत्वाकांक्षाएं प्रेरणा से नहीं, तुलना से जन्म लेती हैं। हम उधार की समय–सीमाओं और परिभाषाओं में सफलता को नापने लगे हैं। ऐसी परिभाषाएं, जो हमारे जीवन के भीतर की ऋतु, लय और सीमा को शायद ही मानती हों। नतीजा यह है कि जनवरी के अंत में ही बहुत से लोग थक चुके होते हैं। यह थकान अनुशासन की कमी नहीं, सुनने व समझने की कमी का परिणाम है। यह असफलता नहीं, असंतुलन है। कर्म समस्या नहीं है। बिना भीतर टिके किया गया कर्म ही कई बार संकट का रूप ले लेता है। सजगता रहित महत्वाकांक्षा शोर बन जाती है। वह आगे तो धकेलती है, पर यह नहीं पूछती कि दिशा सही है या नहीं। सजगता महत्वाकांक्षा को समाप्त नहीं करती, बल्कि उसे शुद्ध करती है। पर्वों में छिपा जीवन–विज्ञान रू भारत के फसल पर्व इसी समय आते हैं–यह संयोग नहीं, संकेत है। ये पर्व हमें बिना उपदेश दिए सिखाते हैं कि जीवन केवल महत्वाकांक्षा से नहीं, संतुलन से चलता है। अग्नि शुद्ध करती है। भोजन पोषण देता है और संतुलन उपचार करता है। जब हम अग्नि को कृतज्ञता से, भोजन को संयम से और शरीर को लय से सम्मान देते हैं, तो मन स्वतरू स्थिर होने लगता है। ये पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य की गहरी समझ हैं। लोहड़ी हमें सिखाती है कि जो पक चुका है, जो भारी हो गया है, उसे छोड़ देना चाहिए। मकर संक्रांति का संदेश है कि रोशनी की ओर मुडना अचानक नहीं, ध ाीरे.धीरे होता है। दोनों मिलकर एक शाश्वत सत्य कहते हैं–विकास कठोर होना जरूरी नहीं। परिवर्तन जल्दबाजी में नहीं होता और सजग प्रगति अंततरू शांति बन जाती है। सजगता को अक्सर जीवन से पलायन समझ लिया जाता है। जबकि सच यह है कि सजगता जीवन से सबसे गहरा संवाद है। अपनी सांस, थकान और इच्छा को बिना जजमैंट देख पाना–यह आत्मिक ईमानदारी है और वही साहस है। आधुनिक विज्ञान भी अब मानता है कि जब कर्म विवशता से नहीं, सजगता से उपजता है, तो मन स्थिर होता है, प्रतिक्रियाएं नरम पड़ती हैं और स्पष्टता जन्म लेती है। सहज शुरुआत धीमी इसलिए नहीं होती कि उसमें ऊर्जा कम है, बल्कि इसलिए कि उसमें दिशा का सम्मान होता है। जब हम नया साल सजगता से शुरू करते हैं, तो सवाल बदल जाते हैं। 'मैं कितना हासिल कर सकता हूं' की जगह 'क्या आवश्यक है' सामने आता है। सहजता कमजोरी नहीं है। वह बिना हिंसा की शक्ति है। आज की थकान शारीरिक से अधिक मानसिक है। कठोर आत्मसंवाद, अवास्तविक अपेक्षाएं और निरंतर स्वयं पर निगरानी–इनमें कोई भी जीवित तंत्र फलता–फूलता नहीं। श्रीमद् भगवत गीता यहां भी करुणा से मार्ग दिखाती है– 'उद्धरेदात्मनाऽत्मानं' अर्थात स्वयं को स्वयं उठाओ, गिराओ मत। जैसे बीज केवल कोमल मिट्टी में फूटता है, वैसे ही भीतर का परिवर्तन सुरक्षा और करुणा में होता है। सफलता की नई परिभाषा रू 'बर्नआऊट', चिंता और भावनात्मक दूरी व्यक्तिगत असफलता नहीं, सामूहिक संकेत हैं। ये बताते हैं कि हमारी सफलता की मौजूदा परिभाषा मानव स्वभाव से मेल नहीं खा रही। उपस्थिति के बिना उत्पादकता खोखली है। भीतर के आधार के बिना उपलब्धि टिकती नहीं। सजगता को चुनना लक्ष्य छोडना नहीं है। यह लक्ष्य को भय की जगह स्पष्टता से आगे बढने देना है। नववर्ष और लोहड़ी–मकर संक्रांति (उत्तरायण) के इस संगम पर शायद सबसे बड़ा संकल्प यह हो सकता है कि हम समय को जीतने नहीं, समझने की कोशिश करें। बोलने से पहले देखें। तय करने से पहले सुनें। आगे बढ़ें, पर भीतर आक्रामकता के बिना। सहज शुरुआत अनिर्णय नहीं, चलती हुई बुद्धि है। इस राह पर हम पीछे नहीं छूटते। हम पहुंचते हैं, जड़ में टिके, उपस्थित और शांत आत्मविश्वास के साथ। सहजता हमसे ताकतवर बनने को नहीं कहती, वह हमें सच्चा बनने को कहती है। नव वर्ष, लोहड़ी–मकर संक्रांति (उत्तरी भारत), पोंगल (दक्षिणी भारत), उत्तरायण (गुजरात, राजस्थान), माघ बिहू (असम), मकर विलक्कू (केरल) का संगम हमें सहजता व सजगता से जीवन को आगे बढ़ाने का संदेश देता है।

(लेखिका स्प्रिचुअल–लाइफस्टाइल मैंटर एवं 'अमृतम' की संस्थापक हैं)

# दावे और आपत्तियां दाखिल करने की अवधि 06 फरवरी तक

## - मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 06 मार्च को

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी सत्यप्रिय सिंह की अध्यक्षता में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक राष्ट्रीयकरण अधिकारियों के साथ बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी सत्यप्रिय सिंह ने बताया कि अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। आयोग द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कराए जाने के संबंध में निम्नानुसार कार्यक्रम संशोधित कर दिया गया है। उन्होंने ने बताया कि मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन करने की तिथि 06 जनवरी 2026 को दावे और आपत्तियां दाखिल करने की तिथि 06 जनवरी से 06 फरवरी 2026 तक, नोटिस चरण जारी करना, सुनवाई और सत्यापन एरोस द्वारा गणना प्रपत्रों पर निर्णय और दावों और आपत्तियों का निपटान एक साथ किए जाने की तिथि 06 जनवरी से 27 फरवरी तक, मतदाता सूचियों के स्वास्थ्य मापदंडों की जांच और अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति प्राप्त करने की तिथि 03 मार्च 2026 एवं मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 06 मार्च को किया जाएगा। उन्होंने समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनपद में कुल 1713350 गणना प्रपत्र दिए जाने के फल स्वरुप 1413127 गणना प्रपत्र प्राप्त हुए हैं। शेष नो मैपिंग वाले 77702 गणना प्रपत्रों के लिए नोटिस जारी कर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी 13 अभिलेख जिसमें केंद्र सरकार, राज्य सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के नियमित कर्मचारी/पेंशन भोगी को जारी किया गया। कोई भी पहचान पत्र/पेंशन भुगतान आदेश, एक जुलाई 1987 से पहले सरकार स्थानीय प्राधिकरणों, बैंकों, डाकघर, एलआईसी, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा भारत में जारी किया गया कोई भी पहचान पत्र, प्रमाण पत्र, अभिलेख, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, मान्यता प्राप्त बोर्ड, विश्वविद्यालय द्वारा जारी मैट्रिकुलेशन, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, सक्षम राज्य प्राधिकारी द्वारा जारी स्थाई निवास प्रमाण पत्र, वन अधिकार प्रमाण पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी ओबीसी, एससी, एसटी या कोई भी जाति प्रमाण पत्र, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर, राज्य, स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा तैयार किया गया परिवार रजिस्टर तथा सरकार द्वारा जारी कोई भी भूमि/मकान आवंटन प्रमाण पत्र में से कोई एक देकर अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। इसके अलावा अपर जिलाधिकारी द्वारा समस्त निर्वाचक राष्ट्रीयकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक राष्ट्रीयकरण अधिकारियों से कहा कि 01 जनवरी को जो युवा अपनी आयु 18 वर्ष पूर्ण कर चुके हैं उनका फॉर्म 06 भरकर मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से नाम सम्मिलित कराएं। बैठक के दौरान समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी, वरिष्ठ लिपिक रविकांत गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# शहीद हरेन्द्र यादव की 23 वीं पुण्यतिथि पर किया याद

न्यूज वाणी ब्यूरो



मऊ। जनपद में घोसी विधानसभा क्षेत्र में इन्दारा ग्राम सभा में शहीद हरेन्द्र यादव जी 23 पुण्यतिथि पर याद किए गए। इस कार्यक्रम का आयोजन शहीद हरेन्द्र यादव जी को श्रद्धांजलि देने हेतु उनके पैतृक गांव में मनाया जाता है शहीद हरेन्द्र यादव जी के शहादत को याद करते हुए जनपद के सभी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के सभी कलाकार अपने गीतों के माध्यम से लोगों को जागरूक करते रहते हैं और समाज में उनकी आत्मा को जगाने का काम करते हैं। शहीद हरेन्द्र यादव जी आज ही के दिन लड़ाई के दौरान कई दुश्मनों को छक्के छुड़ा दिए और जब तक उनके जान में जान रहीं तब तक दुश्मनों से लोहा लेते रहे जब उनकी गोलियां खत्म हो गई तो दुश्मन ने पिछे से वार कर उन्हें शहीद कर दिया। सन् 2003 में आज ही के दिन स्व हरिन्द्र यादव जी अपनी अंतिम सांस ली। इस कार्यक्रम के बाद सभी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के कलाकारों को सम्मानित किया गया।आयोजक के रूप में शहीद हरेन्द्र यादव जी के पुत्र ठैथ बलवन्त यादव, रविन्द्र यादव, विरेन्द्र यादव, सत्यपाल यादव, विंदेश्वर यादव, अनुराग यादव रहे।इस अवसर पर इन्दारा ग्राम सभा के शिवानन्द यादव, आलोक कुमार यादव नन्दु,शरद यादव, ग्राम सभा के प्रधान जुबैर अहमद, इत्यादि सैकड़ों लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# अयोध्या की चमक, सिधौली का अंधेरा

## - रामनगरी की गूंज में दम तोड़ता एक और रामालय

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। जहां एक ओर अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर सनातन संस्कृति, आस्था और राष्ट्र की पहचान बनकर दुनिया को आकर्षित कर रहा है, वहीं उसी उत्तर प्रदेश की धरती पर एक और राम मंदिर आज बदहाली, उपेक्षा और साजिशों के मलबे तले दबता जा रहा है। जनपद के सिधौली तहसील क्षेत्र के उच्चखेरा अजई गांव में स्थित लगभग 200 वर्ष पुराना रामलला अनंतं कुटी मंदिर आज खंडहर बन चुका है। 200 साल पुरानी आस्था, आज खंडहर में तब्दील रामलला अनंत कुटी मंदिर का निर्माण श्री रामलग्नानंद ब्रह्मचारी बाबा और कोटरा रियासत के राजा रघुवरदयाल द्वारा कराया गया था। जनश्रुतियों के अनुसार बाबा के आशीर्वाद से राजा को संतान प्राप्त हुई थी, जिसके बाद कृतज्ञता स्वरूप इस भव्य मंदिर की स्थापना हुई। कभी यह मंदिर क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना का केंद्र हुआ करता था, लेकिन आज इसकी पहचान सिर्फ जर्जर दीवारों और टूटे गुंबदों तक सिमट गई है। 300 बीघा जमीन, फिर भी रामलला बेघर सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि मंदिर के नाम लगभग 300 बीघा जमीन आज भी दर्ज है, बावजूद इसके मंदिर का कायाकल्प नहीं हो सका। ग्रामीणों का आरोप है कि मंदिर के कर्ताधर्ताओं द्वारा इस भूमि का खुला दुरुपयोग किया जा रहा है। जमीन से अर्जित होने वाली धनराशि को मंदिर पर खर्च करने के बजाय निजी स्वार्थों की भेंट चढ़ाया जा रहा है। मूर्ति गायब, पूजा बंद, आस्था लापता मंदिर से अष्टधातु की प्राचीन मूर्ति गायब हो चुकी है। बीते करीब 15 वर्षों से नियमित पूजा–अर्चना पूरी तरह बंद है। मंदिर परिसर झाड़ियों और जंगल में तब्दील हो चुका है। छतें गिर चुकी हैं, दीवारें ढहने के कगार पर हैं और मलबा हर तरफ फैला है। जहां कभी घंटियों और रामनाम की गूंज होती थी, वहां अब सन्नाटा पसरा है। मुख्य पुजारी की मौत के बाद शुरू हुआ पतन श्री रामलग्नानंद ब्रह्मचारी के बाद मंदिर की जिम्मेदारी रामअवतार को दी गई, जिन्होंने लंबे समय तक श्रद्धा से सेवा की। उनके बाद शिव बिहारी उर्फ गुड्डू मिश्रा को दायित्व मिला, लेकिन यहीं से मंदिर के पतन की कहानी शुरू हो गई। लालच और लापरवाही ने धीरे–धीरे मंदिर को विलुप्ति की ओर धकेल दिया। देवस्थान बना शराबियों का अड्डा ग्रामीणों के अनुसार आज मंदिर परिसर असामाजिक तत्वों के कब्जे में है। शराबियों ने इसे अड्डा बना लिया है, शोहदे खुलेआम अय्याशी करते हैं। भय और असुरक्षा के चलते श्रद्धालुओं ने यहां आना–जाना लगभग छोड़ दिया है। यह स्थिति न केवल धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचा रही है, बल्कि कानून–व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर रही है। पुरातत्व विभाग की रहस्यमयी चुप्पी इतिहास और आस्था से जुड़े इस मंदिर पर पुरातत्व विभाग की चुप्पी भी कई सवाल खड़े करती है। न कोई सर्वे, न संरक्षण की पहल। वहीं सनातन धर्म की रक्षा का दावा करने वाले संगठन. विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल.भी इस मंदिर की दुर्दशा पर मौन साधे हुए हैं। जनप्रतिनिधियों की नजरों से ओझल रामलला ग्रामीणों ने कई बार मंदिर के जीर्णोद्धार और सुरक्षा की मांग उठाई, लेकिन हर बार निराशा हाथ लगी। हैरानी की बात यह है कि क्षेत्र के सांसद और विधायक की नजरें भी अब तक इस ऐतिहासिक मंदिर पर नहीं पड़ीं। रामराज्य के दावे और जमीनी हकीकत प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार रामराज्य और सनातन संस्कृति की बात करती है। केंद्र में मोदी सरकार और आरएसएस का वैचारिक समर्थन है। इसके बावजूद यदि एक प्राचीन राम मंदिर इस हाल में है, तो यह व्यवस्था और नीयत.दोनों पर बड़ा प्रश्नचिह्न है। अब उम्मीद सिर्फ खबर से अब सवाल यही है कि इस खबर के सामने आने के बाद शासन, प्रशासन और पुरातत्व विभाग कब जागेगा? क्या रामलला अनंतं कुटी मंदिर को फिर से सम्मान, सुरक्षा और पूजा–पाठ मिलेगा, या यह मंदिर यूं ही मलबे में दबकर इतिहास बन जाएगा?



# नाली निर्माण बना रणभूमि, दो पक्ष भिड़े, लाठी-डंडों से चार घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

पिसावा, सीतापुर। पिसावां थाना क्षेत्र अंतर्गत गगुर्सदा ग्राम पंचायत के मजरा तन में ग्राम पंचायत द्वारा कराए जा रहे विकास कार्य के दौरान विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। नाली निर्माण के लिए लाई गई ईंटों को उठाने और उपयोग को लेकर दो पक्ष आमने–सामने आ गए, जिसके बाद देखते ही देखते लाठी–डंडे चलने लगे। इस मारपीट में दोनों पक्षों से कुल चार लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार गांव में गंदे पानी की निकासी के लिए नाली खुदाई का कार्य चल रहा था। इसी निर्माण कार्य के लिए ग्राम पंचायत द्वारा ईंटें मंगाई गई थीं। ईंटों को लेकर पहले कहासुनी हुई, जो धीरे–धीरे उग्र रूप लेती चली गई और मामला हिंसक झगड़े में तब्दील हो गया। आरोप है कि दोनों पक्षों ने एक–दूसरे पर लाठी–डंडों से हमला किया। इस घटना में एक पक्ष से मुंशी और गुड्डी घायल हुए हैं, जबकि दूसरे पक्ष से मोटे और नौशाद को चोटें आई हैं। झगड़े के बाद गांव में अफरा–तफरी मच गई। सूचना मिलने पर दोनों पक्ष पिसावां थाने पहुंचे और एक–दूसरे के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर आपसी मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया है। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां चारों का मेडिकल परीक्षण कराया गया। डॉक्टरों के मुताबिक सभी घायलों की हालत फिलहाल स्थिर है। इस संबंध में थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से मुकदमा पंजी.त कर लिया गया है। मामले की गहन जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।



# मिश्रिख तहसील में कांग्रेस का एक दिवसीय उपवास सत्याग्रह

## - मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाने का विरोध

न्यूज वाणी ब्यूरो



सीतापुर। मनरेगा योजना से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाए जाने के विरोध में मिश्रिख तहसील परिसर में सुनीता चौधरी, जिला पंचायत सदस्य एवं जिला उपाध्यक्ष, कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में एक दिवसीय उपवास सत्याग्रह आयोजित किया गया। इस शांतिपूर्ण सत्याग्रह में सैकड़ों की संख्या में किसान, मजदूर, महिलाएं, युवा एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सांसद राकेश राठौर विशेष रूप से मौजूद रहे। उनके साथ डॉ. ब्रजबिहारी, शिवप्रकाश सिंह सहित कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। सत्याग्रह को संबोधित करते हुए सुनीता चौधरी ने कहा कि मनरेगा केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण गरीबों और मजदूरों के जीवन का सहारा है। इस योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाना देश की आत्मा, संविधान की भावना और गरीबों के अधिकारों पर सीधा हमला है। कांग्रेस पार्टी इस फैसले को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करेगी। डॉ. ब्रजबिहारी ने कहा कि महात्मा गांधी जी सत्य, अहिंसा और सामाजिक न्याय के प्रतीक हैं। उनके नाम को योजनाओं से हटाना यह दर्शाता है कि केंद्र सरकार गांधीवादी विचारधारा से डरती है। यह फैसला लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। शिवप्रकाश सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि मनरेगा से गांधी जी का नाम हटाने का निर्णय पूरी तरह जनविरोधी है। कांग्रेस पार्टी गरीब, किसान और मजदूरों के हक की लड़ाई हर स्तर पर लड़ेगी और जरूरत पड़ी तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस अवसर पर शिखा वर्मा एवं सरोजनी चौधरी ने बड़ी संख्या में आई महिलाओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि महिलाओं की भागीदारी यह दर्शाती है कि यह आंदोलन केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि जनभावनाओं से जुड़ा हुआ है। वहीं सांसद राकेश राठौर ने कहा कि केंद्र सरकार योजनाबद्ध तरीके से महात्मा गांधी जी के नाम, विचार और विरासत को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस पार्टी इस साजिश को कभी सफल नहीं होने देगी। यदि सरकार ने अपना निर्णय वापस नहीं लिया तो यह आंदोलन सड़क से लेकर संसद तक और व्यापक रूप लेगा। सत्याग्रह के दौरान सभी वक्ताओं ने एक स्वर में केंद्र सरकार से मांग की कि मनरेगा योजना में महात्मा गांधी जी का नाम पुनः जोड़ा जाए, अन्यथा आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

# प्रधान ने 101 गरीबों में वितरित किए कंबल

न्यूज वाणी ब्यूरो

हरगांव, सीतापुर। जनपद में पड़ रही भीषण ठंड के बीच चल रही शीतलहर को देखते हुए गरीबों को ठंड से बचाने हेतु विकास खंड



हरगांव के एक ग्राम प्रधान ने अपनी ग्राम पंचायत के गरीबों में 101 कंबलों का वितरण किया। जनपद में पड़ रही भीषण ठंड के बीच चल रही शीतलहर से गरीबों को बचाने के लिए जनपद के विकास खंड हरगांव के ग्राम पंचायत बरोसा में गुरुवार को ग्राम प्रधान परवेज खां ने अपनी ग्राम पंचायत के गरीबों में 101 कंबलों का वितरण किया। जिसकी चहुंओर प्रशंसा की जा रही है। इस अवसर पर सैकड़ो गरीबों ने भाग लिया। प्रधान ने बताया कि जो गरीब लोग कंबल लेने से वंचित रह गए है उन्हें अतिशीघ्र कंबल लाकर उपलब्ध कराए जाएंगे।

# एनएच-30 पर पलटा दूध से भरा टैंकर, 30 हजार लीटर दूध बहा

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर, खैराबाद। खैराबाद थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे–30 पर गुरुवार को एक बड़ा सड़क



हादसा हो गया। बिहार से मुरादाबाद की ओर दूध लेकर जा रहा एक टैंकर जमैयतपुर गांव के पास अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। टैंकर के पलटते ही उसमें भरा करीब 30 हजार लीटर दूध सड़क किनारे बने गड्ढों में बह गया, जिससे हाईवे पर अफरा–तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टैंकर के आगे चल रही एक डीसीएम ने अचानक ब्रेक लगा दिए। डीसीएम को बचाने के प्रयास में टैंकर चालक ने भी तेज ब्रेक लगाया, जिससे वाहन का संतुलन बिगड़ गया और टैंकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे के साथ ही दूध का टैंक फट गया और चारों ओर दूध फैल गया। दूध फैलने की खबर मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। देखते ही देखते लोग डिब्बे, बाल्टी और बर्तनों में गड्ढों से दूध भरते नजर आए। कुछ ही देर में बड़ी मात्रा में दूध ग्रामीण अपने साथ ले गए। वहीं हादसे के कारण कुछ समय के लिए हाईवे पर यातायात भी प्रभावित रहा। टैंकर की चपेट में पास में खड़ी दो कारें भी आ गईं, जिससे वे क्षतिग्रस्त हो गईं। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। टैंकर चालक को मामूली चोटें आईं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। सूचना मिलते ही खैराबाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। साथ ही क्रेन की मदद से दूध से भरे टैंकर को सीधा कराने की कार्रवाई शुरू की गई। पुलिस के अनुसार टैंकर बिहार से मुरादाबाद की ओर दूध लेकर जा रहा था। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। यह घटना एक बार फिर हाईवे पर तेज रतार और अचानक ब्रेक लगाने से होने वाले खतरनाक हादसों पर सवाल खड़े करती है।

# दहेज हत्यारों पर कसा शिकंजा, ऑपरेशन कन्विक्शन की बड़ी कामयाबी

## - दो दोषियों को 8-8 साल की सश्रम कैद

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत जिले में एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस की प्रभावी पैरवी और सशक्त विवेचना के चलते दहेज हत्या के एक गंभीर मामले में न्यायालय ने दो अभियुक्तों को कड़ी सजा सुनाई है। मामला वर्ष 2013 का है, जो थाना तम्बौर में दर्ज मुकदमा संख्या 183/2013 (धारा 304 बी, 498 ए भादंवि व 3ध्4 पॉक्सो एक्ट) से संबंधित था। पुलिस ने इस मामले की विवेचना पूरी गंभीरता और गुणवत्ता के साथ करते हुए दो अभियुक्तों के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल की थी। इसके बाद अभियोजन पक्ष द्वारा न्यायालय में मजबूत और प्रभावी पैरवी की गई। मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश, एफटीसी न्यू सीतापुर ने अभियुक्त राममूर्ति पुत्र रामपाल और रामपाल पुत्र स्व. रामस्वरूप, निवासी ग्राम बिहार, थाना तम्बौर को दोषी करार दिया। न्यायालय ने दोनों को दहेज हत्या के अपराध में 08–08 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 8,000–8,000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। इस प्रकार कुल 16000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। यह फैसला दहेज उत्पीड़न और महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों पर सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने बताया कि ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत आगे भी गंभीर अपराधों में प्रभावी विवेचना और मजबूत पैरवी के माध्यम से दोषियों को सजा दिलाने का अभियान जारी रहेगा। इस निर्णय से जहां पीड़ित परिवार को न्याय मिला है, वहीं समाज में कानून के प्रति विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है।



फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# खाद्य व रसद के प्रमुख सचिव ने अधिकारियों के साथ की बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। खाद्य एवं रसद तथा उपभोक्ता मामले के प्रमुख सचिव रणवीर प्रसाद ने विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ सीएम डैश बोर्ड, अन्नपूर्णा भवनों के संचालन व निर्माण कार्य तथा धान खरीद कार्य की समीक्षा की। प्रमुख सचिव श्री प्रसाद ने सीएम डैश बोर्ड की विभागवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि जिन विभागों की रैकिंग संतोषजनक नहीं है वे अपने-अपने विभाग से समन्वय कर रैकिंग में अपेक्षित सुधार लाये। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त संदर्भो का समय से निस्तारण सुनिश्चित कराया जाय। किसी भी दशा में संदर्भ डिफाल्टर की श्रेणी में न जाने पाये। संदर्भो के गुणवत्तापरक निस्तारण पर विशेष ध्यान दें ताकि सम्बन्धित फरियादी निस्तारण की कार्यवाही से पूरी तरह संतुष्ट हो सके। प्रमुख सचिव श्री प्रसाद ने परियोजना अधिकारी नेडा को



निर्देशित किया कि सोलर स्ट्रीट लाइट योजनार्न्तगत ग्रामीण बाजारों मे लगाये गये सोलर स्ट्रीट लाइट का सत्यापन नियमित रूप से करते रहे। उद्यान विभाग की समीक्षा मे निर्देशित किया गया कि उद्यान विभाग द्वारा विकसित किये गये विभिन्न उद्यानों से सम्बन्धित फोटो ग्रास एवं लाभार्थियों की सूची उपलब्ध कराये। विद्युत विभाग की समीक्षा अर्न्तगत अधिशाषी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड को निर्देशित किया गया कि शहरी क्षेत्रों एवं ग्रामीण क्षेत्रों मे खराब ट्रान्सफार्मर की मरम्मत हेतु निर्धारित समय का अनुपालन किया जाय और विगत माहों में मरम्मत किये गये ट्रान्सफार्मरों की सूची क्षेत्र सहित उपलब्ध कराये। प्रमुख सचिव श्री प्रसाद ने .षि विभाग की समीक्षा अर्न्तगत किसानों मे डी0बी0टी0 रसायन का .षकों मे किये गये वितरण का सत्यापन करायें तथा .षकों के फीडबैक से अवगत कराये। पी0एम0 कुसुम योजनार्न्तगत .षकों मे वितरित 428 सोलर पम्प का सत्यापन कराये एवं यन्त्र की उपयोगिता से अवगत कराये। अन्नपूर्णा भवन निर्माण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि निमार्णाधीन अन्नपूर्णा भवन को यथाशीघ्र पूर्ण कर उन्हें हैण्डओवर कराते हुए संचालन कराया जाय। उन्होनें यह भी कहा कि निमार्णाधीन अन्नपूर्णा भवनों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाय। श्री प्रसाद ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान विभागीय लाभार्थियों से वार्ताकर योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की वास्तविक जानकारी प्राप्त करें। धान खरीद की समीक्षा के दौरान प्रमुख सचिव श्री प्रसाद ने कहा कि धान क्रय केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण कर शासन की मंशानुरूप धान की खरीद सुनिश्चित करायी जाय। उन्होंने कहा कि धान खरीद में छोटे काश्तकारों को प्राथमिकता प्रदान की जाय। बैठक के दौरान प्रमुख सचिव श्री प्रसाद ने पीएम सूर्यघर, सभी प्रकार की छात्रवृत्ति, विद्युत आपूर्ति, खराब ट्रांसफार्मर को बदलने, कृषि यन्त्रों का वितरण, खाद, बीज की उपलब्धता सहित अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर राष्ट्रवादी पार्टी ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर राष्ट्रवादी पार्टी के पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचा। जहां डीएम को एक ज्ञापन सौंपकर सभी मांगों को पूरा किए जाने की आवाज उठाई। जिलाध्यक्ष नरेन्द्र भारत की अगुवई में प्रतिनिधि मंडल डीएम कार्यालय पहुंचा। जहां डीएम को दिए गए ज्ञापन में बताया कि रामविहार कालोनी पारा रोड राजाजीपुरम एवं इन्दिरा नगर के फरीदी नगर में एक बड़ी आबादी के पास पीने के पानी का इंतजाम नही है। शहरवासियों को नगर निगम द्वारा पानी की टंकी शीघ्र उपलब्ध कराई जाए, शहीद पथ के पास डिप्टीगंज शहीद पथ पुल से लेकर विजय नगर चौराहे तक एक साल से अधूरे पड़े रोड एवं नाली का कार्य बहुत धीमी गति से हो रहा है। जिससे अक्सर जाम लगा रहता है। इस अधूरे कार्य को जल्द से जल्द पूरा करवाया जाए। कानपुर रोड पर मवैया में रामचन्द्र के



मकान के पास एक विशाल पेड़ नाले के ऊपर है। जो कभी भी गिर सकता है। जिसके चलते कोई भी दुर्घटना हो सकती है। मांग किया कि इस पेड़ को नगर निगम द्वारा कटवाया जाए। इस मौके पर महिला प्रदेश अध्यक्ष स्वाती भारत, विधानसभा प्रभारी सुमन सौरभ, वार्ड सचिव सौरभ सिंह व छोटेलाल सिंह मौजूद रहे।

# नेपाल में चुनाव कराने को लेकर भारत-नेपाल के अफसरों की बैठक

## - सीमा पर विशेष निगरानी और अपराध नियंत्रण पर जोर

## - जिला प्रशासन, पुलिस और एसएसबी करेंगे नेपाल का हर संभव सहयोग

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। नेपाल में आगामी हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव के चुनाव को सुरक्षित, शांतिपूर्ण और निष्पक्ष संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को भारत-नेपाल समन्वय समिति की बैठक नेपाल में सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई। बैठक में दोनों देशों ने चुनाव के दौरान सूचना आदान-प्रदान और सहयोग को सुनिश्चित करने पर सहमति जताई। इस महत्वपूर्ण बैठक में भारत की ओर से लखीमपुर खीरी और नेपाल की ओर से कैलाली एवं कंचनपुर अंचल के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे। अधिकारियों ने भरोसा जताया कि चुनाव के दौरान पूर्ण सहयोग और साझा सुरक्षा उपाय लागू किए जाएंगे। बैठक की शुरुआत में दोनों देशों के अधिकारियों ने अपना परिचय दिया। बैठक में चुनाव के मद्देनजर सीमा पर चौकसी बरतने, अपराधियों पर लगाम लगाने सहित कई विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में अधिकारियों ने चुनाव के मद्देनजर सीमा पर विशेष निगरानी रखने की बात कही। साथ ही मादक पदार्थों की तस्करी, अपराधियों की धरपकड़ सीमा के दोनों तरफ कैसे की जाए जिससे अंतरराष्ट्रीय सीमा के दोनों ओर अपराधियों को संरक्षण ना मिल सके आदि महत्पूर्ण मुद्दों पर चर्चा कर कार्ययोजना बनाई। इस चुनावी पर्व पर सहयोग की अपेक्षा करते हुए सीडीओ कैलाली हीरालाल रेग्मी और सीडीओ कंचनपुर मदन कोइराला ने कहा कि जितना सहयोग मिलेगा उतना चुनाव कराने में आसानी होगी। हमारे संबंध अच्छे थे और भविष्य में भी बेहतर रहेंगे। भारत और नेपाल के संबंध ऐतिहासिक, सांस्.तिक और पारिवारिक बंधनों से जुड़े हैं। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने नेपाल के अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि भारत और नेपाल का रिश्ता केवल सीमाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि ऐतिहासिक, सांस्.तिक और पारिवारिक संबंधों से जुड़ा है। उन्होंने इसे "रोटी-बेटी का रिश्ता" बताते हुए दोनों देशों के अटूट बंधन पर जोर दिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य चुनाव के दौरान



शांति, सुरक्षा और प्रशासनिक समन्वय सुनिश्चित करना है। उन्होंने भरोसा जताया कि जिला प्रशासन, पुलिस और एसएसबी नेपाल के अधिकारियों को हर संभव सहयोग प्रदान करेंगे। डीएम ने कहा कि इस संवाद से सीमा सुरक्षा और अपराध नियंत्रण और मजबूत होंगे और सीमावर्ती जनता को सुरक्षित और सहयोगपूर्ण प्रशासनिक व्यवस्था मिलेगी।एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क .ष्टि, सूचना का रियल टाइम आदान-प्रदान, और आपात सेवाओं की निर्बाध आवाजाही प्राथमिकताएं रहेंगी। एएसपी पवन गौतम ने कहा कि भारत की ओर से पेट्रोलिंग सतत जारी है। हम नेपाल की ओर से मिलने वाली सूचनाओं पर क्विक रेस्पॉन्ड करेंगे। ये भारतीय अधिकारी रहे मौजूद रू डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एएसपी पवन गौतम, एसडीएम डॉ अवनीश, राजीव निगम, कमांडेंट 39 बटालियन आरके राजेश्वरी, डिप्टी कमांडेंट ऑपरेशन विजेंद्र कुमार सिंह, कमांडेंट 49 बटालियन शेर सिंह चौधरी, सेकेंड इन कमांडेंट थर्ड बटालियन एम डी तमांग, कमांडेंट 70 बटालियन राजन श्रीवास्तव, जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह मौजूद रहे। नेपाल के अधिकारियों में मुख्य जिलाधिकारी (कैलाली) हीरालाल रेग्मी, मुख्य जिलाधिकारी (कंचनपुर) मदन कोइराला असिस्टेंट चीफ डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर, कैलाली किरण जोशी, असिस्टेंट चीफ डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर, कंचनपुर मोहन चंद्र जोशी, एसपी कैलाली नरेंद्र चंद, एसपी कंचनपुर खड़ग बहादुर खत्री, एसपी एपीएफ कैलाली लोकेंद्र देव भट्ट, एसपी एपीएफ कंचनपुर सुरेंद्र राज रंजीत, डिप्टी इन्वेस्टिगेशन डायरेक्टर महेश बोहरा, प्रकाश शाह, चीफ एरिया एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर तारा नाथ पनेरू, एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर, कैलाली शिव राज जोशी, सेक्शन ऑफिसर, कैलाली कल्पना भट्ट मौजूद रहे।

# नसीरपुर में आप का जनहित निरीक्षण अभियान, अनियमितताओं का खुलासा

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष विक्रम जीत सिंह द्वारा ग्राम सभा नसीरपुर में जनहित निरीक्षण अभियान के तहत स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने खुलकर अपनी समस्याएं और ग्राम प्रधान द्वारा की जा रही कथित धांधलियों की जानकारी जिलाध्यक्ष के सामने रखी। ग्रामीणों ने बताया कि गाँव के मुख्य रास्ते में नाले का गंदा पानी घुटनों तक भरा रहता है, जिससे आमजन, बुजुर्गों और बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद संबंधित कार्यों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसके साथ ही ग्रामीणों ने अमृत सरोवर योजना में बड़े पैमाने पर धन की लूट का आरोप लगाया। बताया गया कि मिट्टी का कार्य जेसीबी मशीन से कराया गया, जबकि भुगतान मनरेगा के तहत मजदूरी दिखाकर निकाला गया, जो सीधे तौर पर नियमों का उल्लंघन है। ग्रामीणों का कहना है कि कागजों में कार्य पूरा दिखाकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है। निरीक्षण के दौरान जिलाध्यक्ष विक्रम जीत सिंह ने कहा कि यह केवल नसीरपुर की समस्या नहीं है, बल्कि पूरे जनपद में ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार का एक पैटर्न बन चुका है। उन्होंने शासन और प्रशासन को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द से जल्द निष्पक्ष जांच कर दोषी ग्राम प्रधान एवं संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो आम आदमी पार्टी जन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। जिलाध्यक्ष ने यह भी स्पष्ट किया कि आम आदमी पार्टी जनता के अधिकारों और सरकारी योजनाओं की लूट को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। पार्टी गांव-गांव जाकर ऐसे भ्रष्टाचार का पर्दाफाश करती रहेगी और दोषियों को सजा दिलाने तक संघर्ष जारी रहेगा। आज के निरिक्षण कार्यक्रम में मुन्ना भारती, संजीव सिंह, मो. असलम, संजीव रावत आदि साथी सम्मलित रहे।

# न्यायालय के स्थगनादेश की धज्जियाँ उड़ा रहे विपक्षी

## - पीड़ित ने लगाई न्याय की गुहार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। स्थानीय जनपद के न्यायालय (प्र०ख०) द्वारा जारी स्थगनादेश के बावजूद विपक्षीगणों द्वारा विवादित भूमि स्थिति थाना रुपईडीहा के अंतर्गत नई बाजार बाबागंज खण्डहल पर अवैध निर्माण की कोशिश का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित मोहम्मद असरार ने पुलिस प्रशासन को शिकायती पत्र सौंपकर विपक्षीगणों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही और निर्माण कार्य रुकवाने की मांग की है। मामला ब मुकदमा मोहम्मद अबरार आदि बनाम मोहम्मद युनुस आदि (वाद संख्या 187/2022) से जुड़ा है। पीड़ित के अनुसार, न्यायालय ने विवादित संपत्ति पर किसी भी प्रकार के निर्माण या स्वरूप परिवर्तन पर रोक लगाते हुए स्थगनादेश पारित किया है, जो आगामी 06 अप्रैल तक प्रभावी है। आरोप है कि इसके बावजूद विपक्षी राम शंकर, राहुल, शिवम, अवधेश और विशाल अपनी दबंगई के बल पर न्यायालय के आदेशों की सरेआम अवहेलना कर रहे हैं। शिकायतकर्ता का कहना है कि विपक्षीगणों ने मौके पर भारी मात्रा में ईंट, बालू और सीमेंट जैसी निर्माण सामग्री एकत्रित कर ली है और वे संपत्ति के मूल स्वरूप को बदलने तथा अवैध निर्माण करने पर उतारू हैं। पीड़ित ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल पुलिस बल भेजकर अवैध कार्य रुकवाया जाए और न्यायालय की अवमानना करने वालों के विरुद्ध शांति भंग व अन्य सुसंगत धाराओं में विधिक कार्यवाही की जाए।

# गुरू गुरुगोविंद सिंह की जयंती पर निकली विशाल शोभा यात्रा

न्यूज वाणी ब्यूरो

हरगांव, सीतापुर। सिख धर्म के दसवे गुरू एवं खालसा पंथ के संस्थापक गुरू गोविंद सिंह जी के प्रकाशोत्सव पर आज हरगांव क्षेत्र में गक ग्राम पंचायत से निकली विशाल शोभा यात्रा हरगांव कस्बे में भ्रमण करती हुई मुख्य चौराहे पर एक गदका समारोह में तबदील हो गई। हरगांव विकास खंड की ग्राम बदोनी मजरा ग्राम पंचायत रौना से सिख धर्म के दसवें गुरू गुरुगोविंद सिंह के जन्मदिवस प्रकाशोत्सव पर एक विशाल शोभा यात्रा निकल कर भ्रमण करती हुई हरगांव गंज स्थित गुरूद्वारा पहुंची तदुपरांत गुरूद्वारा गंज हरगांव से सिख समाज की शोभा यात्रा चीनी मिल गेट से होते हुए हरगांव चौराहा पहुंची। जहा पर हरगांव मुख्य चौराहे पर सिख धर्म की गतका पार्टी ने विभिन्न प्रकार के करतब दिखाये। जिन्हे देखकर लोग दगं रह गए। शोभा यात्रा में आगे आगे पंच प्यारे चल रहे थे।



भ्रमण के समय रास्ते में जगह जगह जलपान की व्यवस्था भी सिख समाज द्वारा आमजन के लिए की गई थी। सिख समाज की महिलाओ व पुरुषो, बच्चो के साथ साथ अन्य वर्ग के भी लोग शोभा यात्रा में शामिल हुए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, नगर पंचायत अध्यक्ष गफार खान, सरदार हरदेव सिंह, सरदार बलवंत सिंह, सरदार चेन्ना सिंह, सरदार हर भजन सिंह, सरदार लाडी सिंह, बलवंत सिंह, पप्पू सरदार, ज्ञानी गुरदीप सिंह चीमा, सरदार गुरूचरण सिंह, उदित बाजपेई हजारों की संख्या मे जन समूह मौजूद रहा।

# गरीब बेसहारों और दिव्यांगों को शांति रावत ने बाटे कंबल

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। शांति रावत मंडल मंत्री भाजपा मिहींपुरवा 282 विधानसभा बलहा विधानसभा बलहा के गिरधरपुर मंडल की ग्राम पंचायत अड़गोडवा के मजरा सुक्खा पुरवा में निवास करने वाले समस्त दिव्यांग व बेसहारा लोगों को कंबल वितरण का कार्य भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रमोद कुमार वर्मा शक्ति केंद्र संयोजक अड़गोडवा के घर पर ग्राम प्रधान श्री भगवती प्रसाद निषाद की उपस्थिति में किया गया। इस शुभ अवसर पर रामचरन मंडल महामंत्री रूपनारायण मौर्य मंडल उपाध्यक्ष केशव राम शक्ति केंद्र संयोजक रायबोझा अशोक कुमार यादव की शक्ति केंद्र संयोजक भगवानपुर कुर्मी आना दिलासा राम बूथ अध्यक्ष 256 एवं आत्माराम बूथ अध्यक्ष 259 की शक्ति केंद्र संयोजक भगवानपुर कुर्मी आदि की गरिमामई उपस्थिति रही। कार्यक्रम के शुभ अवसर पर उपस्थित समस्त भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य व्यक्तियों का श्रीमती शांति रावत द्वारा डायरी व कलम देकर स्वागत किया गया एवं एसआईआर की द्वितीय चरण में 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले नए मतदाता एवं त्रुटि बस छूटे हुए मतदाताओं का प्रपत्र 6 भरकर बीएलओ के पास जमा करने यदि कोई गलत मतदाता दर्ज वोटर लिस्ट में हो तो उसके लिए प्रपत्र 7 भरवा कर उसका नाम वोटर लिस्ट से कटवाने एवं प्रपत्र 8 भरवा कर यदि कोई अशुद्धि हो तो उसे ठीक करने हेतु अनुरोध किया गया। साथ ही समस्त कार्यकर्ताओं व उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों से जी राम जी योजना के ऊपर विस्तृत चर्चा करते हुए भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा 100 के स्थान पर 125 दिन का गारंटीड रोजगार उपलब्ध कराने ग्राम पंचायत में स्थाई संपत्तियों का निर्माण कर गांव को विकसित ग्राम पंचायत बनाकर देश को 2047 में विकसित राष्ट्र का निर्माण कर समरस भारत बनाने हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री परम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 2027 के आने वाले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाकर मां भारती की सेवा करने हेतु प्रार्थना की गई।

# नई सर्किल दर की अनन्तिम सूची तैयार, 28 जनवरी से नई सर्किल दरें लागू

## - 17 जनवरी तक लिए जाएंगे आपत्ति एवं सुझाव

## - आपत्तियों व सुझावों का निस्तारण 21 जनवरी 26 को

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश स्टांप (संपत्ति का मूल्यांकन) नियमावली 2013 में दी गई व्यवस्था के अनुसार जनपद में उप निबंधक कार्यालयो के क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले .षक, अ.षक, भूखंड, भवनों तथा व्यावसायिक संपत्तियों के मूल्यांकन एवं स्टांप शुल्क की अदायगी हेतु सर्किल दर 28 जनवरी से लागू होनी है। जनपद के सभी उप निबंधक कार्यालयों हेतु अनन्तिम मूल्यांकन सूची तैयार कर ली गई है जो सर्वसाधारण के निरीक्षण हेतु जनपद के उप निबंधक कार्यालय में संबंधित तहसील का तथा अपर जिलाधिकारी एवं सहायक महानिरीक्षक निबंधन के कार्यालय में उपलब्ध है। प्रस्तावित मूल्यांकन सूची का निरीक्षण किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से शायद 5 बजे तक किया जा सकता है। किसी भी को भी प्रस्तावित मूल्यांकन सूची के संबंध में कोई भी आपत्ति, सुझाव प्रस्तुत करना हो तो आपत्ति एवं सुझाव 17 जनवरी को सायं 4 बजे तक व्यक्तिगत रूप से अथवा पंजी.त डाक के माध्यम से संबंधित उप निबंधक, सहायक आयुक्त स्टांप, संबंधित उप जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं तत्पश्चात प्राप्त आपत्ति, सुझावों पर कोई भी विचार नहीं किया जाएगा। 17 जनवरी की सायं 4 बजे तक उपरोक्त कार्यालयो में प्राप्त समस्त आपत्तियां एवं सुझावों का निस्तारण अपर जिलाधिकारी के अध्यक्षता में 21 जनवरी को किया जाएगा।

# रोजगार मेले का आयोजन 13 जनवरी को

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अरुण कुमार यादव ने बताया कि राजकीय आई०टी०आई० सहादतपुरा एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 13 जनवरी को होगा। जिसमें गतिमान एग्रोफारेस्ट्री प्रा०लि० मऊ, पद-सेल रिप्रेजेन्टेटिव, विजनेस एक्जीकेटिव, ग्रुप लीडर, शैक्षिक योग्यता-हाईस्कूल, इण्टर, वेतन- 10500 से 16000 कार्यस्थल, आजमगढ़, मऊ, खलीलाबाद तथा गोरखपुर, रमाया हेल्थकेयर प्रा०लि०, मऊ पद-सेल्स मैनेजर एवं सेल्स एक्जीकेटिव, वेतन-10000 से 25000 कार्यस्थल मऊ, शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक, ग्रोज इन्जीनियरिंग टूल्स, प्रा०लि०, गुड़गांव, हरियाणा पद टेक्नीशियन, शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल इण्टर आईटीआई डिप्लोमा वेतन-11500 से 15500 तक कार्यस्थल-गुड़गांव एवं एक्का इलेक्ट्रानिक्श इण्डिया प्रा०लि० हरियाणा, पद-हेल्फारध्टेक्नीशियन, शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टर, आईटीआई, डिप्लोमा वेतन-11500 से 15500 कार्यस्थल-गुड़गांव। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल पर पंजी.त होना अनिवार्य है। पंजी.त अभ्यर्थियों का कैम्पस चयन रोजगार संगम पोर्टल के माध्यम से होगा।

# आदर्श व्यापार मंडल की युवा जिला कमेटी का विस्तार

## - प्रमाण पत्र के साथ आई-कार्ड वितरित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। आदर्श व्यापार मंडल संपूर्ण भारत गर्ग गुट की युवा जिला कमेटी का विस्तार करते हुए गुरूवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता युवा जिलाध्यक्ष मोहम्मद इमरान ने की। नवनियुक्त पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र एवं आई-कार्ड वितरित किए गए। संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए प्रेरित किया गया। कमेटी विस्तार के अंतर्गत तहसीन रज़ा को युवा जिला उपाध्यक्ष, अरशद खान को युवा जिला संगठन मंत्री, शाहरुख एवं वकील अहमद को युवा जिला कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। इसके साथ ही अयान, मो. आफनान, फरहान को युवा जिला कार्यकारिणी तथा रेहान को युवा जिला प्रचार मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में जिलाध्यक्ष अभिनव यादव, जिला महामंत्री अमित शरण बॉबी पत्रकार की विशेष उपस्थिति रही। सभी अतिथियों द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन की सदस्यता दिलाई गई और उन्हें प्रमाण पत्र देकर मनोनीत किया गया। बैठक में यह सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कमेटी का विस्तार पूरे जिले में चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा और सभी पदाधिकारी पूर्ण सहयोग एवं निष्ठा के साथ संगठन को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। बैठक में




कार्यालय प्रबंधक आहिल सहित सभी नवमनोनीत पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# साइक्लोथॉन टीम का एनसीसी ग्रुप हेडक्वार्टर ने किया जोरदार स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो

कानपुर। एनसीसी ग्रुप हेडक्वार्टर ने वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथॉन टीम का शानदार और औपचारिक स्वागत किया जब साइकिल चलाने वाले रांची से नई दिल्ली की अपनी ऐतिहासिक अंतर–राज्य यात्रा के दौरान कानपुर में रुके। इस स्वागत समारोह में मिलिट्री प्रोटोकॉल, देशभक्ति का जोश और महान आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी और स्वदेशी नेता वीर बिरसा मुंडा की विरासत को दिल से श्रद्धांजलि दी गई। जिनकी 150 वीं जयंती इस राष्ट्रीय पहल के जरिए मनाई जा रही है। समर्पित अधिकारियों, एनसीसी कैडेट्स और सपोर्टिंग कर्मियों वाली साइक्लोथॉन टीम का स्वागत समारोह के दौरान पूरे उत्साह के साथ स्वागत किया गया। एनसीसी ग्रुप हेडक्वार्टर कानपुर के अधिकारियों, एनसीसी कैडेट्स और प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों की बड़ी भीड़ की मौजूदगी में टीम को मिलिट्री अनुशासन और देशभक्ति के नारों के साथ मुख्य कार्यक्रम स्थल तक ले जाया गया, जो राष्ट्रीय एकता और युवा सशक्तिकरण की भावना को दर्शा रहे थे। इस अवसर पर कैडेट्स ने लोक नृत्य और वीर बिरसा मुंडा पर आधारित स्किट भी प्रस्तुत की। शौर्य के कदम, क्रांति की ओर के बुलंद नारे के साथ आगे बढ़ रही वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथॉन, भारत के युवाओं के बीच फिटनेस, स्वास्थ्य जागरूकता और एक्टिव लाइफस्टाइल को बढ़ावा देने, देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और सामुदायिक बंधन की भावना को मजबूत करने के साथ–साथ, युवाओं की भागीदारी के माध्यम से चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण के प्रति एनसीसी की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाने वाला एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्रयास है। उत्तर प्रदेश से गुजर रही साइक्लोथॉन टीम का नेतृत्व कर्नल अनिल कुमार (टीम लीडर) और लेटिनेंट कर्नल पीबी शर्मा (डिप्टी टीम लीडर) कर रहे हैं, जिसमें समर्पित कैडेट्स का एक मुख्य दल शामिल है, जिसमें लड़की कैडेट्स भी ह, हैं, जिन्हें स्थायी प्रशिक्षक स्टाफ और प्रशासनिक कर्मियों का समर्थन प्राप्त है। है। यह साइक्लोथॉन वीर बिरसा मुंडा की अमिट विरासत और आदिवासी मुक्ति और राष्ट्रीय स्वतंत्रता में उनके योगदान का सम्मान करती है। रिसेप्शन के दौरान, ब्रिगेडियर पीके शास्त्री, ग्रुप कमांडर, एन. सी. सी. ग्रुप हेडक्वार्टर कानपुर, मुख्य अतिथि थे और उन्होंने वीर बिरसा मुंडा के साहस, बलिदान, सामाजिक न्याय और उत्पीड़न के खिलाफ विरोध के आदर्शों की आज के समय में प्रासंगिकता पर जोर दिया। टीम लीडर कर्नल अनिल कुमार ने इस बात पर जोर दिया कि यह साइक्लोथॉन भारत के युवाओं को शारीरिक फिटनेस, मानसिक मजबूती और अनुशासित व्यवहार बनाए रखते हुए इन शाश्वत मूल्यों को अपनाने के लिए एक शक्तिशाली याद दिलाता है। कानपुर में एक रात रुकने के बाद, साइक्लोथॉन टीम 09 जनवरी 2026 को औरैया और उससे आगे की अपनी यात्रा जारी रखेगी। साइक्लोथॉन का समापन नई दिल्ली में होना है, जहाँ टीम 27–28 जनवरी 2026 को भव्य आरडीसी परेड में हिस्सा लेगी और भारत के प्रधानमंत्री से बातचीत करेगी, जहाँ प्रधान मंत्री एन. सी. सी. रैली में साइक्लोथॉन टीमों को सम्मानित किया जाएगा। एनसीसी ग्रुप हेडक्वार्टर, कानपुर को इस ऐतिहासिक पहल का हिस्सा होने पर बहुत गर्व है और यह निस्वार्थ सेवा, साहस और राष्ट्रीय गौरव के मूल्यों के साथ भारत के भविष्य के नेताओं को तैयार करने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम है।



# अलाव तापते महिला झुलसी

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सनगांव में गुरूवार की सुबह अलाव तापते समय 35 वर्षीय महिला झुलस गयी। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार ग्राम संनगांव निवासी राजू की पत्नी शशिकला गुरूवार की सुबह अलाव ताप रही थी। तभी अचानक उसके कपडो में आग लग गयी। जिससे वह बुरी तरह झुलस गयी। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने झुलसी महिला को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# नगर विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ व सुपरवाइजर को दिया प्रशिक्षण

(संवाददाता) रामपुर। एसडीएम सदर गौरव कुमार ने गुरुवार को विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत नए मतदाताओं के पंजीकरण हेतु प्रभावी रणनीति बनाए जाने के क्रम में खुशबू गार्डन पक्षी विहार में विधानसभा क्षेत्र 37 रामपुर के समस्त बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया। जिसमें ऐसे मतदाताओं के मामलों में, जिन्होंने अपने गणना प्रपत्र में स्वयं अथवा अपने संबंधी का वर्ष 2003 की मतदाता सूची का विवरण उपलब्ध नहीं कराया है, नोटिस निर्गत करने की प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही नए मतदाताओं के पंजीकरण हेतु फार्म–6, नाम विलोपन हेतु फार्म–7, विवरण संशोधन हेतु फार्म–8 तथा प्रवासी मतदाताओं द्वारा फार्म–6। भरने की प्रक्रिया पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। तहसीलदार सदर, संबंधित एईआरओ, बीएलओ एवं सुपरवाइजर आदि उपस्थित रहे।

## अदालती नोटिस

समन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

ब अदालत सिविल जज (जू0डि0) फतेहपुर

नं0 मु0– 86

सन् 2025 ई०

मुस्तजाब हुसैन आदि बनाम शफीक उर्फ शफीकुरर्हमान आदि

1.मुस्तजाब हुसैन आयु 80 वर्ष पुत्र स्व0 मोहम्मद हुसैन

2.श्रीमती मुजीबुननिसा आयु लगभग 70 वर्ष पत्नी मुस्तजाब हुसैन साकिनान कस्बा जहानाबाद परगना कोड़ा जिला फतेहपुर हाल मुकाम म0नं0 90/9 हीरामन का पुरवा कानपुर।

.....वादीगण

....बनाम...........

श्रीमती आरिफा बेगम आयु लगभग 64 वर्ष पत्नी अनीस अहमद निवासिनी मोहल्ला टकसला अपार्टमेन्ट जोशी कालोनी पटपड़गंज नई दिल्ली।

.....प्रतिवादिनी

हरगाह वादीगण ने आपके नाम नालिश अदातल के दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 20 माह 01 सन् 2026 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असाल्तन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिस पर बताईद अपनी जवाबइदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी के आपके खिलाफ होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदातल के आज बतारीख माह सन् ई० जारी किया गया।

मुन्सरिम

ब अदालत सिविल जज (जू0डि0) फतेहपुर।

## अदालती नोटिस

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

मसमूआ जा0दी0

ब अदालत सिविल जज (जू0डि0) फतेहपुर

मु0 नं0 – 792

सन् 2025 ई०

विमला देवी उम्र तकरीबन 94 वर्ष पत्नी धरमपाल सिंह पुत्री स्व0 देशराज सिंह निवासी मौजा बिनवट तहसील बबेरू जिला बांदा हालमुकाम मौजा खोटिला परगना कोड़ा तहसील बिन्दकी जिला फतेहपुर।

.....वादिनी

....बनाम...........

1.सुशीला उम्र तकरीबन 62 वर्ष पत्नी स्व0 दिनेश सिंह निवासी सुल्तानपुर सांतो परगना हसवां तहसील व जिला फतेहपुर।

2.श्रीमती संगीता उम्र तकरीबन 60 वर्ष पत्नी सुरेश प्रताप सिंह निवासी ग्राम सगवर जिला उन्नाव।

....प्रतिवादीगण

हरगाह वादिनी ने आपके नाम नालिश अदातल के दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 12 माह 01 सन् 2026 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असाल्तन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिस पर बताईद अपनी जवाबइदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी के आपके खिलाफ होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदातल के आज बतारीख माह सन् ई० जारी किया गया।

मुन्सरिम

ब अदालत सिविल जज (जू0डि0) फतेहपुर।

# मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर भाजपा की हुई बैठक

## - बूथ स्तर पर नए मतदाता जोड़ने व सूची शुद्धिकरण पर दिया जोर

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी जनपद कार्यालय पर जिला पदाधिकारी बैठक का आयोजन भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में कानपुर–बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर शाहू मुख्य अतिथि तथा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आनंद सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रामकिशोर शाहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एकमात्र विचार आधारित राजनीतिक दल है, जो राष्ट्र प्रथम की विचारधारा पर कार्य करता है। उन्होंने कहा कि नितिन नबीन का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना पार्टी के अंत्योदय के मूल मंत्र को साकार करता है। भाजपा भारत माता के उद्घोष के साथ देश को विश्व में अग्रणी राष्ट्र बनाने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ को केंद्र मानकर त्रिदेव बूथ अध्यक्ष, बूथ प्रभारी एवं बूथ प्रवासी की बैठकें कर वर्तमान व वर्ष 2003 की मतदाता सूची का अवलोकन करते हुए नए मतदाता जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा पारित विकसित भारत गारंटी रोजगार एवं आजीविका मिशन अधिनियम की जानकारी देते हुए बताया कि इसके तहत रोजगार के अधिकार की गारंटी के साथ अब 100 के स्थान पर 125 दिन का कार्य सुनिश्चित किया गया है। विशिष्ट अतिथि आनंद सिंह ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा जिन मतदाताओं को एएसडी सूची में रखा गया है, उनके वैध दस्तावेज संबंधित अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कर मताधिकार सुरक्षित कराना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नई रोजगार योजना में कार्य की गारंटी पहले से अधिक मजबूत की गई है। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने सभी पदाधिकारियों से फॉर्म–6 के माध्यम से नए मतदाता जोड़ने, फॉर्म–7 से मृत अथवा दोहरे मतदाताओं के नाम हटाने तथा फॉर्म–8 द्वारा त्रुटि सुधार व मतदाता स्थानांतरण कराने का आह्वान किया। उन्होंने उपस्थित सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। बैठक का कुशल संचालन जिला महामंत्री एवं एसआईआर जिला संयोजक शिवाकांत चौधरी ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, जिला महामंत्री प्रशांत राव चौबे, अभियान सह–संयोजक .पा नारायण तिवारी, जिला उपाध्यक्ष विवेक भदौरिया, शिवकिशोर धनगर, देवप्रताप भदौरिया, दीपक नाथ चौधरी, जिला मंत्री रजत चौधरी, राहुल राजपूत, ममता कुशवाहा, डॉ. ज्योति वर्मा, चक्रेश जैन, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, महिला मोर्चा अध्यक्ष विरला शाक्य, सोशल मीडिया संयोजक विमलेश शाक्य, किसान मोर्चा अध्यक्ष अवधेश चतुर्वेदी, अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष उदयवीर दोहरे सहित जिला, मंडल व मोर्चा पदाधिकारी तथा एसआईआर की जिला व मंडल टीमें उपस्थित रहीं।




# उद्योग स्थापित करने में रुचि रखने वाले अभ्यर्थियों को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। उ०प्र० खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा जनपद में एक दिवसीय जागरुकता शिविर आयोजन किया गया। जिसमें विभाग से सम्बन्धित योजनाओं की विस्तृत जानकारी विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रदान की गई। जनपद के समस्त तहसीलों एवं विकास खण्डों में अपना उद्योग स्थापित करने हेतु सम्बन्धित कामगारों को रुचि रखने वाले अभ्यर्थी ग्राम पंचायत सूरजपुर तहसील मधुबन में एक जागरुकता शिविर में प्रतिभाग किया गया। मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना एवं प्रजापति समाज एवं कुम्हारी के कामगरों को योजनाओं के लाभ लेने एवं योजनाओं के बारे मे समझाने हेतु अंकुर राय, प्रवक्ता नवोदय विद्यालय अमित कुमार मौर्य, मंत्री सूर्या खादी संस्था, संयोजक राजेन्द्र प्रसाद जिला ग्रामोद्योग अधिकारी की उपस्थित में प्रशिक्षण सम्पन्न कराया गया।

## अदालती नोटिस

समक्ष न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) फतेहपुर

प्रकीर्ण वाद संख्या – 12/70 सन् 2019 ई०

श्रीमती नन्ही आदि बनाम शरीफ आदि

नोटिस बनाम

1.शरीफ अहमद उम्र लगभग 47 वर्ष पुत्र स्व0 सिराजुल हसन निवासी मोहल्ला बाकरगंज (बैलाही बाजार ) शहर परगना व जिला फतेहपुर।

2.फरीद अहमद उम्र लगभग 42 वर्ष पुत्र स्व0 सिराजुल हसन निवासी मोहल्ला बाकरगंज (बैलाही बाजार ) शहर परगना व जिला फतेहपुर।

हरगाह वादीगण ने आपके नाम नालिश अदातल के दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 28 माह 01 सन् 2026 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असाल्तन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिस पर बताईद अपनी जवाबइदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी के आपके खिलाफ होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदातल के आज बतारीख माह सन् ई० जारी किया गया।

मुन्सरिम

समक्ष न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) फतेहपुर।

# अर्द्धविक्षिप्त भाई के हिस्से की जमीन का दबंगों ने कराया बैनामा

## - अब दूसरे भाई पर भी बैनामा करने का बना रहे दबाव, डीएम से षिकायत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले में जमीनों पर अवैध कब्जे समेत दबंगई के बल पर लोगों से जमीन लेने के मामले रूकने का नाम नहीं ले रहे हैं। ऐसा ही एक मामला फिर सामने आया। जिसमें अर्द्धविक्षिप्त भाई के हिस्से की जमीन का दबंगों ने बैनामा करा लिया और अब दूसरे भाई पर भी अपने हिस्से की जमीन का बैनामा कराने का दबाव बना रहे हैं। पीड़ित ने डीएम से शिकायत करते हुए जांच कराकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में खासमऊ गांव के रहने वाले नियाजउद्दीन, सदरउद्दीन व साहबउद्दीन पुत्रगण मजहर ने बताया कि उनकी पैतृक जमीन गाटा सं0 641 रकबा 0. 3400 हे0 स्थित है। जो नेशनल हाईवे के किनारे बेषकीमती भूमि है। शिकायती पत्र में बताया गया कि साहबउद्दीन अर्द्धक्षिप्त है। जिसका लाभ उठाकर अब्दुल कादिर पुत्र शाहिद खान ने उसके हिस्से की जमीन का फर्जी बैनामा करा लिया। जिसके संबंध में सिविल जज जू0डि0 के यहां वाद भी चल रहा है। पीड़ितों ने नामांतरण वाद में भी आपत्ति दाखिल की तो अब्दुल कादिर ने सांठगांठ करके जमीन का बैनामा पवन कुमार पाण्डेय पुत्र शिवदत्त पाण्डेय के नाम कर दिया। अब दोनों लोग मिलकर उसे व परिवार को जान से मारने की धमकी देकर अपने हिस्से की जमीन को जबरदस्ती बेंचने का दबाव बना रहे हैं। जिससे परिवार भयभीत है। पीड़ितों ने डीएम से मांग किया कि मामले की जांच कराकर दबंगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।



# जनपद में चला बाल विवाह मुक्तभारत अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो /इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत लगातार प्रभावी कार्यवाही एवं जन–जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। गुरूवार को थाना एएचटी की संयुक्त टीम द्वारा थाना बलरई क्षेत्र में जन–जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान बाल विवाह की घटनाओं पर पूर्ण रोक लगाने, समुदाय स्तर पर शून्य सहनशीलता का वातावरण विकसित करने तथा बालक–बालिकाओं के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 27 नवंबर 2025 से 08 मार्च2026 तक संचालित 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया। अभियान के दौरान मैरिज होम संचालकों, समासदों, बैंड संचालकों, ग्राम प्रधानों, हलवाई, मंडप एवं बैंक्विट हॉल स्वामियों, मंदिरों के पुजारियों को बाल विवाह की रोकथाम के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही बाल विवाह को कानूनी अपराध बताते हुए इसमें शामिल व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त दण्डात्मक कार्यवाही की जानकारी दी गई। जीरो टॉलरेंस नीति से अवगत कराया गया। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक दिवाकर प्रसाद सरोज थाना बलरई प्रभारी एसजेपीयू थाना प्रभारी एएचटी, मुख्य आरक्षी विनोद कुमार शुक्ला, महिला मुख्य आरक्षी प्रीती देवी एवं बाल संरक्षण अधिकारी सोहन गुप्ता उपस्थित रहे। पुलिस प्रशासन द्वारा आमजन से अपील किया कि बाल विवाह की किसी भी सूचना को तुरंत पुलिस या संबंधित विभाग को दें जिससे समय रहते प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।



# जीआरपी की महिला मिशन शक्ति टीम ने चलाया जागरूकता अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण के उद्देश्य से गुरूवार को थाना जीआरपी पर गठित महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा रेलवे स्टेशन जंक्शन पर जन–जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति के तहत पंपलेट वितरित किए गए तथा उन्हें महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों, साइबर अपराध से बचाव, महिला सुरक्षा, एवं स्वास्थ्य जागरूकता से संबंधित जानकारी दी गई। टीम द्वारा बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। इस अवसर पर महिलाओं व बालिकाओं को पुलिस आपात सेवा 112, वीमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 सहित विभिन्न आवश्यक सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया। महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा छात्राओं को पढ़ाई को प्राथमिकता देने, सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर भविष्य को सुरक्षित एवं उज्जवल बनाने तथा प्राप्त जानकारी को परिवार व समाज में साझा करने की अपील की गई। टीम ने संदेश दिया कि स्वस्थ और सतर्क रहना ही असली सुरक्षा है।



# पुलिस की प्रभावी पैरवी से न्यायालय ने दोषियों को सुनाई सजा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे दोष सिद्धि अभियान के अंतर्गत इटावा पुलिस एवं अभियोजन की प्रभावी पैरवी के चलते गुरूवार को दो अभियोगों में न्यायालय द्वारा दोषियों को सजा सुनाई गई। प्रथम प्रकरण में थाना कोतवाली से संबंधित मु0अ0सं0 522/2010 धारा 504 भारतीय दंड संहिता में विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा अभियुक्त वीरेन्द्र सिंह पुत्र सुरेश सिंह निवासी रानीपुरा थाना फूफ जनपद भिण्ड (मध्य प्रदेश) को न्यायालय उठने तक की अवधि की सजा एवं 2000 रुपये का अर्थदंड से दंडित किया गया। द्वितीय प्रकरण में थाना सिविल लाइन के मु0अ0सं0 112/2004 धारा 279, 337, 338, 427, 304 ए भारतीय दंड संहिता में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय द्वारा अभियुक्त फसाहत हुसैन पुत्र सनउल्लाह, निवासी कतरारी थाना पीपरपट्टी जनपद गोरखपुर को न्यायालय उठने तक की अवधि की सजा एवं 4000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। पुलिस ने बताया कि दोष सिद्धि अभियान के अंतर्गत लंबित एवं पुराने अभियोगों में अभियुक्तों को सजा दिलाने हेतु पुलिस एवं अभियोजन द्वारा प्रभावी पैरवी निरंतर जारी रहेगी, जिससे अपराधियों में कानून का भय बना रहे और आमजन को न्याय मिल सके।




# एआरपी संघ के अश्वनी जिलाध्यक्ष व चन्द्रजीत जिला महामंत्री निर्विरोध निर्वाचित

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। लीला पैलेस होटल में जनपद के एआरपी संघ का निर्वाचन कार्यक्रम प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार कानपुर मंडल संयोजक डॉ अनुजा सेंगर की देखरेख में सम्पन्न हुआ। एआरपी साथियों ने सर्वसम्मति से अश्वनी कुमार यादव को जिलाध्यक्ष एवं चन्द्रजीत सिंह को जिला महामंत्री चुना। साथ ही कार्यकारणी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष उपेन्द्र कुमार सिंह एवं कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष पद पर राहुल त्रिपाठी, पुष्पेंद्र शाक्य, आशुतोष शुक्ला एवं प्रियंका गुप्ता, संयुक्त मंत्री पद पर सुनील कुमार सिंह एवं ऋषभ यादव, संगठन मंत्री पद पर प्रियंका गौर एवं प्रदीप पाल, जिला मीडिया प्रभारी आशीष मिश्रा एवं राहुल दुबे, जिला प्रवक्ता गिरजेश सिंह यादव एवं चन्द्रकांत त्रिपाठी को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि रिक्त पदों पर भर्ती पूर्ण कराने एवं जनपद को शासन की मंशा के अनुरूप निपुण जनपद बनाना एवं गुणवत्तापरक शिक्षा हेतु शिक्षकों के साथ समन्वय स्थापित करना। कार्यक्रम के दौरान शिव प्रताप सिंह, आलोक दोहरे, सीमा गौतम, शिप्रा सिंह, इंदु चतुर्वेदी, गौरव यादव, विवेकानंद दुबे, राजीव त्रिपाठी, राजवीर शाक्य, अरविंद कुमार शाक्य आदि एआरपी साथी उपस्थित रहे।





# खाना बनाते महिला झुलसी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के तिलकापुर अपने मायके में आयी 28 वर्षीय युवती खाना बनाते समय गंभीर रूप से झुलस गयी। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत गंभीर देख कानपुर के लिए रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार बांदा जनपद थाना कमासिन गांव बीरा निवासी धीरज कुमार की पत्नी लक्ष्मी देवी अपने मायके तिलकापुर आयी थी। बताते हैं कि गुरूवार की सुबह खाना बनाते समय अचानक उसके कपडो में आग लग गयी। जिससे वह बुरी तरह झुल गयी। परिजन उसे तत्काल सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने उसकी हालत चिन्ताजनक देखते हुए कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। घटना के बाबत जानकारी सदर अस्पताल में मां रानी देवी ने दी।

# पेड़ से गिरकर युवती घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम संवत में गुरूवार की सुबह लकड़ी तोडते समय पेड से गिर कर 19 वर्षीय युवती घायल हो गयी। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार संवत गांव निवासी सुरेश की पुत्री सुमन देवी गुरूवार की सुबह पेड़ में चढकर लकडी तोड रही थी। तभी अचानक पैर फिसल जाने से नीचे गिर कर घायल हो गयी। उधर परिजन ने उसे अपने निजी वाहन से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# प्रभु श्रीराम-लक्ष्मण के प्रेम को जीवन में उतारे

## – कथा को सुनकर आंखों से बही जलधारा

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। नगर के रेलवे क्रासिंग स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में चल रही श्रीराम कथा के दौरान गुरुवार को राम–लक्ष्मण के पावन भाई–प्रेम की कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथावाचन के दौरान जैसे–जैसे प्रसंग आगे बढ़ा, वैसे–वैसे पंडाल में उपस्थित भक्तों की आंखें नम होती चली गईं। राम और लक्ष्मण के आदर्श प्रेम, त्याग और समर्पण की मिसाल ने सभी के हृदय को छू लिया। कथावाचक राजेंद्र महाराज ने राम–लक्ष्मण के संबंधों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि भाई से बड़ा न कोई मित्र होता है और न ही कोई शत्रु। उन्होंने लक्ष्मण को शेषनाग का अवतार बताते हुए कहा कि जिस प्रकार शेषनाग भगवान विष्णु की सेवा में सदैव तत्पर रहते हैं, उसी प्रकार लक्ष्मण ने प्रभु श्रीराम के साथ वनवास में रहकर अपने भाई–प्रेम का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। राजेंद्र महाराज ने कहा कि राम और लक्ष्मण का प्रेम एक ऐसा सूत्र है, जो आज के समाज को भी दिशा दिखाता है। उन्होंने वर्तमान कलयुग पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज भाई–भाई ही का दुश्मन बनता जा रहा है। थोड़ी सी भूमि, धन और संपत्ति के लिए लोग अपने सगे संबंधों को भूलकर वैर भाव पाल लेते हैं, जो समाज के लिए घातक है। कथा के माध्यम से उन्होंने सभी से आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे को अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर सुमन सिंह, मोहन पांडेय, नीरज पांडेय, डालू, कालू, रितेश दुबे एवं जुगल दुबे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# रोजगार मेला व कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला आज

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि शासन एवं रोजगार मिशन के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से कल (आज) प्रातः दस बजे से कार्यालय परिसर में रोजगार मेला व कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश स्तर की प्राइम कनेक्ट सर्विसेज द्वारा टीवीएस सप्लाई चेन सोल्यूशन्स लिमिटेड जामनगर गुजरात हेतु आपरेटर के लिए इंटर स्नातक उर्तीण 18 वर्ष से 40 वर्ष पुरुष महिला वेतन 16500 प्रतिमाह, पुखराज हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा वेलनेस एडवाइजर हेतु इंटर उर्तीण 18 वर्ष से 30 वर्ष पुरुष महिला, वेतन 10000 प्रतिमाह एवं भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा बीमा सखी हेतु इंटर स्नातक उर्त्तीण 18 वर्ष से 45 वर्ष महिला, वेतन 7000 प्रतिमाह कंपनियों द्वारा प्रतिभाग कर योग्य अभ्यर्थियों को चयनित कर सेवायोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी का रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य है। कोई भी अभ्यर्थी जो इंटर स्नातक आईटीआई, डिप्लोमा उर्तीण, आयु 18 से 40 वर्ष तक हो उक्त तिथि को अपने पंजीयन प्रपत्र स्वंय का बायोडाटा (कम से कम तीन प्रतियों में) व समस्त प्रमाण पत्रो सहित कार्यालय परिसर में प्रातः 10 बजे तक अवश्य उपस्थित हो। इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी विभाग के पोर्टल पर अथवा किसी भी कार्यदिवस पर कार्यालय में उपस्थित होकर व कार्यालय के दूरभाष संख्या 05180–298602 पर भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# भीषण ठण्ड में चेयरमैन ने व्यवस्थाओं को परखा

## – अलाव समेत स्थाई व अस्थाई रैन बसेरों में पहुंच की बातचीत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। वर्तमान समय में पड़ रही भीषण ठण्ड व शीतलहर को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार मौर्य एडवोकेट ने नगर क्षेत्र में सार्वजनिक स्थान में जल रहे अलाव व आम जनमानस को



ठंड से बचाव हेतु अस्थाई व स्थाई रैन बसेरों का निरीक्षण किया। उन्होने कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। चेयरमैन राजकुमार मौर्य ने अस्थाई व स्थाई रैन बसेरा में रुके हुए लोगों से जानकारी प्राप्त की। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भीषण गलन को देखते हुए व्यवस्था सही रखी जाए। उसमें किसी भी प्रकार के लापरवाही न की जाए। निरीक्षण में सार्वजनिक स्थानों पर चौराहो पर अलाव जलते पाए गए। रैन बसेरों में व्यवस्था संतोजनक पाई गई। इस मौके पर सफाई एवं खाद्य निरीक्षक के. चंद्राकर, पर्यवेक्षण अधिकारी मोहम्मद हबीब, सुपरवाइजर विजय प्रकाश, लईक खान, मुकेश कुमार, गजंफर हुसैन, परवेज अहमद, बिरजू, नफीस अहमद, आरिफ खान, श्रवण कुमार, धर्मेंद्र सिंह सहित संबंधित ठेकेदार व केयर टेकर मौजूद रहे।

# डीएम ने निर्माणाधीन कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का किया निरीक्षण

## - दो एकेडमिक ब्लाक व हॉस्टल बिल्डिंग का जायजा लेकर दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने भिटौरा विकास खण्ड में एक करोड़ से अधिक की लागत से निर्माणाधीन परियोजना कस्तूरबा



गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का औचक निरीक्षण कर निर्माणाधीन विद्यालय में दो एकेडमिक ब्लॉक एवं हॉस्टल बिल्डिंग का जायजा लिया। कार्यदाई संस्था के अधिशाषी अभियंता ने अवगत कराया कि एकेडमिक ब्लॉक में तीन लैब, तीन कमरे, चार क्लास रूम बनाए गए हैं। उन्होंने निर्माणाधीन लैब को देखा और अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि लैब की खिड़कियों को अच्छे से साफ कराते हुए पेंटिंग कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने एनसीसी स्टाफ, गेम रूम का निरीक्षण कर बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि इनडोर गेम का समान गेम रूम में रखे। इस दौरान उन्होंने ड्रेनेज सिस्टम संबंधी जानकारी प्राप्त की। अधिशाषी अभियंता ने अवगत कराया कि जल निकासी का प्रबंधन स्टैंडर्ड डिजाइन के आधार पर तैयार किया गया है। जिसमें दोनों ब्लॉक की जल निकासी सम्मिलित रूप से वाटर टेबल रिचार्ज में एकत्र होगी। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित कर लें कि कहीं पर भी जलभराव की स्थिति न उत्पन्न हो, यदि कही पर आशंका होती है तो उसका प्रस्ताव तैयार करें। उन्होंने हॉस्टल बिल्डिंग में ग्राउंड लोर पर बने कोर्टयार्ड का निरीक्षण कर उसके स्लोप को मानक के अनुरूप बनाने के आवश्यक निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त प्रथम लोर पर निर्मित कमरों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने समस्त ब्लाकों में निर्माणाधीन वॉशरूम को अच्छी फिनिशिंग के साथ साफ सुथरा बनाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता ने अवगत कराया कि 15 फरवरी तक कार्य पूर्ण हो जाएगा। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि आस–पास के क्षेत्रों में ड्रॉप आउट हुए बच्चों को चिन्हीकरण का कार्य अभी से शुरू करा दे और परियोजना का भ्रमण कर गुणवत्ता में सुधार की आवश्यकता है तो उसे अवगत कराएं। सभी कस्तूरबा विद्यालय में एक ले आउट बनवाए जिसमें किचेन गार्ड, खेल का मैदान तथा यदि पास में सरकारी जमीन है तो उसके स्कूल के उद्देश्य हेतु उपयोग में लाने हेतु शामिल करे। साथ ही यह भी निर्देशित किया कि यदि कही पर कस्तूरबा विद्यालय तैयार होकर हैंडओवर हुआ है तो वहां की प्रधानाध्यापिका से वार्ता कर क्या–क्या इशू आ रहे है उसके निराकरण हेतु इशू चिन्हित करे। साथ ही विद्यालय में सोलर लगाने हेतु प्रस्ताव करने हेतु बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने ग्राम पंचायत लालीपुर के पंचायत भवन एवं सामुदायिक मिलन केंद्र को भी देखा और पंचायत सचिव को प्रतिदिन पंचायत भवन में बैठने और सामुदायिक मिलन केंद्र भी प्रतिदिन खुलने साथ ही साफ सफाई के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर अधिशासी अभियंता, बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड विकास अधिकारी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# घने कोहरे की चादर से ढकी रही दोआबा की धरती

## - गुरूवार को सूर्य देवता ने नहीं दिए दर्शन, चलती रही सर्द हवा

## - अलाव तापकर दिन गुजार रहे लोग, पशु-पक्षी भी बेहाल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। नये साल के आगमन के साथ ही ठंड में जो इजाफा हो गया था वह लगातार जारी है। गुरूवार को दोआबा की धरती घने कोहरे से ढकी रही। सूर्य देवता ने दर्शन नहीं दिये। दिन भर बदरी छाई रही। घने कोहरे के चलते यातायात व्यवस्था भी बाधित रही। गलन कम न होने से लोग घरों में ही दुबके रहे। अलाव तापकर लोग दिन गुजार रहे हैं। इस ठंड के कारण बेजुबान पशु–पक्षी भी बेहाल हैं और वह ठिकाने की तलाश कर रहे हैं। जिससे ठंड से बच सकें। बताते चलें कि दिसंबर माह के अंतिम सप्ताह से ही ठंड ने अपना प्रकोप दिखाना शुरू कर दिया था लेकिन नए वर्ष के आगाज़ के साथ ही शीतलहर के कारण ठंड का प्रकोप उफान पर हो गया। बढ़ती ठंड ने लोगों को घरों में दुबकने पर मजबूर कर दिया। जबकि घर से निकलने वाले लोग स्वेटर, जैकेट पहनने के बाद भी शीतलहर के कारण सर्दी की मार से बेहाल दिखाई दिये। स्कूलों में छुट्टी होने से बच्चों को जहाँ राहत मिली जबकि रोज़मर्रा की तरह सड़कों से आम दिनों वाली भीड़ नदारत रही। सड़कों पर दो पहिया



व चार पहिया वाहनों की संख्या भी रोज़ की अपेक्षा कम रही। बर्फीली हवाओं से बचने के लिये लोग घरों में ही दुबके रहे और रूम हीटर, ब्लोवर के अलावा घरों के अंदर भी ठंड से बचने के लिये आग को सहारा बनाये रहे। राहगीरों व सड़कों पर जीवन गुज़रने वालों का सहारा सड़को के आस पास जलने वाले अलाव की आग बनी है। कोहरे व धुंध ने जहां हाइवे की रतार को छीन लिया वहीं कोहरे के कारण वाहन लगभग रेंगते हुए दिखाई दिये। जबकि कोहरे के कारण ट्रेने भी निर्धारित समय से काफी देरी से चल रही हैं। लोगों को आने जाने के लिये कई–कई घंटे तक अपनी ट्रेनों की प्रतीक्षा करनी पड़ी।

# महासंघ की बैठक में गौ रक्षा व सेवा पर मंथन

## - 15 जनवरी को कलश यात्रा के साथ शुरू होगी श्रीमद भागवत कथा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सनातन धर्म रक्षा महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष के



अनुमोदन पर प्रदेश सचिव शिवकुमार पाठक के नेतृत्व में जनपद की जरौली ग्राम सभा स्थित स्वामी प्रियादास जी महाराज के समाधि स्थल पर संगठन की एक ऐतिहासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिससे संगठन में नई ऊर्जा का संचार हुआ। बैठक के दौरान सनातन धर्म की रक्षा प्रचार प्रसार और सामाजिक उत्थान को लेकर विस्तृत व सार्थक चर्चा की गई। उपस्थित पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने संगठन के उद्देश्यों पर सर्वसम्मति से समर्थन व्यक्त किया। साथ ही गौ रक्षा एवं गौ सेवा को लेकर गंभीर मंथन हुआ। इसे जन–जन तक पहुंचाने की संकल्प लिया गया। सनातन धर्म रक्षा महासंघ के जिलाध्यक्ष विवेक सिंह ने बताया कि पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी जरौली की ग्राम सभा के सहयोग से धार्मिक आयोजन भागवत कथा कराई जाएंगी। उन्होंने जानकारी दी कि 15 जनवरी गुरुवार को कलश यात्रा एवं श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ होगा जबकि 22 जनवरी गुरुवार को कलश यात्रा हवन पूजन के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। बैठक में उपस्थित प्रेम शंकर जिलाध्यक्ष कानपुर देहात अमर सिंह परिहार जिला प्रभारी रोहित कुमार सदर तहसील अध्यक्ष सुनील कुमार आशीष कुमार ठाकुर शिवम तोमर नीरज पाल विकास सिंह सावंत दिनेश बाजपेई राहुल सिंह आशीष कमलेश शर्मा रामबाबू मौजूद रहे।

# हाईवे से हटवाई अवैध पार्किंग, 82 वाहनों का ई-चालान

## - जीरो फैटेलिटी डिस्ट्रिक्ट घोषित करने हेतु सड़क सुरक्षा को लेकर उठाए जा रहे कदम

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद को जीरो फैटेलिटी डिस्ट्रिक्ट (शून्य मृत्यु दर वाला जिला) घोषित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में सड़क सुरक्षा को लेकर लगातार सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। बीते गुरूवार की मध्यरात्रि में पुलिस द्वारा हाईवे पर व्यापक स्तर पर अभियान चलाया गया। विशेष अभियान के तहत सीसी टीम के सहयोग से कोतवाली, हुसैनगंज, थरियांव, खागा एवं मलवां थाना क्षेत्रों में संबंधित थाना प्रभारियों की मौजूदगी में कार्रवाई की गई। अभियान का नेतृत्व यातायात प्रभारी लाल जी सविता द्वारा किया गया। पुलिस टीम ने हाईवे पर अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटवाकर यातायात को सुचारु कराया। कार्रवाई के दौरान सड़क किनारे व हाईवे पर खड़े 82 वाहनों का ई–चालान किया गया, जो दुर्घटनाओं का कारण बन सकते थे। पुलिस ने मौके पर मौजूद वाहन चालकों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में हाईवे पर वाहन खड़ा करना दंडनीय अपराध है और दोबारा नियमों का उल्लंघन करने पर कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में हो रही अनावश्यक जनहानि को रोकना पुलिस की सर्वोच्च



प्राथमिकता है। जीरो फैटेलिटी डिस्ट्रिक्ट कार्यक्रम के अंतर्गत यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें और पुलिस का सहयोग करें। पुलिस प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि आगे भी हाईवे पर अवैध पार्किंग, ओवरलोडिंग, तेज रतार और अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध इसी तरह की सघन कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि सड़क हादसों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके।

# ऋणगृहीताओं के लिए ओटीएस योजना लागू

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) व उ०प्र० अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड के जिला प्रबन्धक ने बताया कि प्रबन्ध निदेशक के पत्र के तहत ऋण गृहीताओं जिन्होंने अब तक अपना बकाया ऋण जमा नहीं किया है को बकाया ऋण व छूट के साथ ब्याज जमा करने हेतु नवीन एकमुश्त समाधान योजना लागू की है। योजना एक जनवरी से 31 मार्च तक लागू है। नवीन एकमुश्त समाधान योजना में ऋण बकायेदारों को पूरी धनराशि एकमुश्त जमा करने पर दण्ड ब्याज की पूरी धनराशि, चक्रवृद्धि ब्याज की पूरी धनराशि माफ कर दी जायेगी, बकायेदारों से केवल ऋण अवधि (36/60 माह, जो भी लागू हो) का ही साधारण ब्याज लेकर उन्हे ऋण मुक्ति प्रमाण पत्र दे दिया जायेगा। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु विकास खण्ड स्तर पर ग्राम विकास अधिकारी (स०क०)/सहायक विकास अधिकारी (स०क०) जनपद स्तर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास)/जिला प्रबन्धक, उ०प्र० अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि० विकास भवन प्रथम तल कमरा 116, अधिक जानकारी के लिये जनपद कार्यालय से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह : नए चालकों को दिलाई शपथ

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। एक जनवरी से 31 जनवरी तक चलाए जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी




कार्यालय स्थित टेस्टिंग ट्रैक पर ड्राइविंग टेस्ट देने आए नए अभ्यर्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई।

उपस्थित अधिकारियों ने अभ्यर्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। शपथ के दौरान हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट का प्रयोग करने, शराब पीकर वाहन न चलाने, गलत दिशा में वाहन न चलाने, ओवरस्पीडिंग से बचने सहित अन्य यातायात नियमों के पालन पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कर ही दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। परिवहन विभाग का उद्देश्य है कि हर वाहन चालक नियमों के प्रति जागरूक हो और सुरक्षित यात्रा को प्राथमिकता दे। कार्यक्रम में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन/प्रशासन) प्रतीक मिश्रा, मोटर वाहन निरीक्षक .ष्णचंद्र सिंह सहित समस्त प्रवर्तन एवं कार्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# फतेहपुर ने कौशांबी को 33 रनों से हरा जीता मैच

## – अंतर जनपदीय क्रिकेट टूर्नामेंट में अखिल रहे मैंन अश्वफ द मैच

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के धाता ब्लॉक में जहांगीर नगर में चल रहे अंतर जनपदीय क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरूवार को फतेहपुर व कौशांबी के बीच हुए रोमांचित मुकाबला हुआ। कौशांबी की टीम को अंतिम ओवर में 33 रनों से हराकर जीत हासिल की। इसके पहले फतेहपुर



ने बैटिंग करते हुए निर्धारित 16 ओवरों में 155 रन बनाए जिसमे कौशांबी की टीम अंतिम ओवर में 123 रनों में धराशाई हो गई। टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी, शहर अध्यक्ष मो0 आरिफ गुड्डा, शेख एजाज अहमद, कानपुर देहात कोऑर्डिनेटर कलीम उल्ला सिद्दीकी, पार्टी प्रवक्ता ई. देवी प्रकाश दुबे ने इस रोमांचक मुकाबले खिलाड़ियों के प्रोत्साहन हेतु हर कैच व बेहतरीन फील्डिंग में जमकर इनाम दिए। वहीं मैच के अंत में फतेहपुर के खिलाड़ी अखिल को जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी ने मैंन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। मैच देखने के लिए भीशण ठण्ड के बावजूद बड़ी संख्या में लोग ग्राउण्ड पर मौजूद रहे। दर्षक खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते रहे। आयोजकों ने अतिथियों का आभार जताया।

# धुरंधर टीम की धुआंधार बल्लेबाजी, सेमीफाइनल में किया प्रवेश

## - ओपनर शिवम की विस्फोटक पारी से लोकल प्राइड इलेवन पर मिली जीत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मलवां विकास खंड के रेवाड़ी चौराहे पर यूनिटी फ्रेंड ग्रुप द्वारा आयोजित विशाल क्रिकेट टूर्नामेंट में खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में रोमांचक मैच देखने को मिले। पहले क्वार्टर फाइनल में धुरंधर टीम ने लोकल प्राइड इलेवन को 5 विकेट से पराजित कर सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का किया। मैच में लोकल प्राइड इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 14 ओवरों में 111 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से बाबू ने मात्र 7 गेंदों में चार छक्कों की मदद से 25 रन बनाकर तेज शुरुआत दी। वहीं मोनू ने 16 रन बनाए, जबकि सचिन और पंकज ने 15–15 रनों का योगदान दिया। धुरंधर टीम की ओर से अल्फात ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 ओवरों में 30 रन देकर 3 विकेट झटके। इसके अलावा शुभम और अर्जुन को 2–2 विकेट मिले। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी धुरंधर टीम ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 13 ओवरों में ही 5 विकेट से मैच जीत लिया। टीम के ओपनर बल्लेबाज शिवम पांडेय ने 35 गेंदों में 7 चौके और 2 छक्कों की मदद से 48 रनों की धमाकेदार पारी खेली। वहीं रौनक ने 15 और रमन ने 16 रन बनाकर जीत में अहम भूमिका निभाई। लोकल प्राइड इलेवन की ओर से बाबू ने 3 ओवर में 18 रन देकर 2 विकेट लिए, जबकि अजय, अंशु और मोनू को एक–एक सफलता मिली। उ.ष्ट प्रदर्शन के लिए शिवम पांडेय को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।



bu I V&

## दूसरे मैच में पिलखनी की जीत

टूर्नामेंट के दूसरे मुकाबले में पिलखनी और रामपुर टीम आमने–सामने रहीं। पिलखनी ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रामपुर टीम ने 13 ओवरों में 134 रन बनाए। रामपुर की ओर से विनीत ने 27 गेंदों में 5 छक्के और 4 चौकों की मदद से 52 रनों की शानदार पारी खेली। इसके अलावा संदीप ने 12 और प्रवीण ने 16 रन बनाए। पिलखनी की ओर से लकी और राहुल ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 3–3 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पिलखनी टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 11 ओवरों में ही 3 विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया। टीम की ओर से निखिल ने 51 रन, धोनी ने 21 रन और शिव सिंह ने 12 रनों का योगदान दिया। रामपुर की ओर से संदीप ने 3 ओवरों में 21 रन देकर 4 विकेट लिए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। शानदार प्रदर्शन के लिए पिलखनी टीम के निखिल को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )